नई दिल्ली
मंगलवार, 18 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 215
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### मिलेगी 5 लाख की मुआवजा राशि

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने भी घटना को लेकर दुख जताते हुए राज्य के मुख्य सचिव के.रामकृष्ण राव और पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता को विस्तृत जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रभावितों तक हर जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए अधिकारियों को विदेश मंत्रालय और सऊदी अरब में भारत के दूतावास के संपर्क में बने रहने के लिए भी कहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने नई दिल्ली में राज्य के रेजिडेंट कमिश्नर गौरव उप्पल को सूचित कर उन्हें विदेश मंत्रालय व सऊदी दूतावास के साथ संपर्क करने के लिए कहा है। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इसके अलावा राज्य के मंत्रिमंडल ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन की अध्यक्षता में प्रदेश से एक टीम सऊदी अरब भेजने का निर्णय लिया है। टीम में एक एआईएमआईएम विधायक, मंत्रालय का वरिष्ठ अधिकारी और उनके साथ प्रत्येक प्रभावित परिवार से दो सदस्य भी शामिल होंगे।

### मिस्री से साझा की तीर्थयात्रियों की जानकारी: ओवैसी

एआईएमआईएम नेता और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सऊदी अरब में हुए एक दुखद बस हादसे पर गंभीर रूप से दुख जताते हुए मैंने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से अनुरोध किया है कि शवों को भारत वापस लाया जाए और घायलों को उचित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए। ओवैसी के मुताबिक, मैंने रियाद में भारतीय दूतावास के उप- मिशन प्रमुख अबू माथेन जॉर्ज से संपर्क किया। उन्होंने मुझे मामले में जानकारी एकत्रित करने का आश्वासन दिया है। मैंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से भी संपर्क किया है और तीर्थयात्रियों का विवरण विदेश सचिव विक्रम मिस्री से साझा किया है।

एक्स पोस्ट में बोले प्रधानमंत्री रियाद और जेद्दा में भारत की दूतावास सेवाओं के जरिए पहुंचा रहे हैं हर संभव सहायता

# सऊदी अरब में भीषण बस दुर्घटना में मारे गए 42 भारतीय, पीएम ने दुख के साथ जताई संवेदनाएं

*सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ भी निरंतर संपर्क में हैं हमारे अधिकारी*

*जेद्दा में महावाणिज्य दूतावास में स्थापित किया गया 24x7 कंट्रोल रूम, जारी किए हेल्पलाइन नंबर*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी-अरब के मक्का से उमराह के लिए मदीना जा रही भारतीय तीर्थयात्रियों की एक बस डीजल टैंकर से टकराने की वजह से भीषण हादसे का शिकार हो गई है। जिसमें 40 से अधिक भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। इनमें से ज्यादातर हैदराबाद के तेलंगाना के रहने वाले हैं।

रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि के बाद करीब डेढ़ बजे हुई इस दुर्घटना को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताते हुए अपनी ओर मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

रिजिजू बोले, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं, पीड़ितों को प्रदान की जाएगी हर संभव सहायता



### जेद्दा में स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

हादसे के तुरंत बाद जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास के कर्मी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। दूतावास ने मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे की सेवा के साथ एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही सहायता नंबर भी जारी किए हैं। जिनमें 8002440003, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जयशंकर, रिजिजू ने जताया दुख

वर्तमान में रूस की यात्रा कर रहे विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पोस्ट में दुर्घटना को लेकर दुख जताया है। जयशंकर ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना को लेकर स्तब्ध हूं। रियाद में हमारा दूतावास और जेद्दा में महावाणिज्य दूतावास इस ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 50% आरक्षण की सीमा पार की तो चुनाव रोक देंगे



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। भावी सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने चेतावनी दी कि स्थानीय निकाय चुनावों में 50% आरक्षण सीमा से अधिक नहीं दिया जा सकता। उल्लंघन किया तो चुनाव पर रोक लगा देंगे। हमारी शक्तियों की परीक्षा मत लीजिए। दिसंबर निकाय चुनाव हैं।

### एआई में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान



**नई दिल्ली।** गूगल ने टेक्सास में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। यह निवेश टेक, क्लिन एनर्जी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में टेक्सास में गूगल के लॉन्गटर्म विश्वास को दर्शाता है। गूगल के सीईओ ने कहा कि गूगल 15 वर्षों से भी अधिक समय से टेक्सास को अपना घर मानता आया है।

### डिजिटल अरेस्ट: महिला से ठगे 32 करोड़ रुपए



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 57 साल की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर दो महीने के भीतर 32 करोड़ रुपए ठगे गए। ठगों ने डीएचएल कर्मचारी, साइबर अपराध विभाग, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर महिला को कथित तौर पर एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा।

## बोला भारत, बांग्लादेश में शांति, लोकतंत्र स्थापित करने के लिए करेगा सभी पक्षों से रचनात्मक संवाद

बांग्लादेश में शेख हसीना को दी गई मौत की सजा पर भारत के जवाब से तिलमिलाएंगे यूनुस

# बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को 'फांसी की सजा'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा शेख हसीना को सुनाई गई मौत की सजा के फैसले पर सोमवार को भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेशी न्यायाधिकरण के फैसले का हमने संज्ञान लिया है।

भारत बांग्लादेश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता को स्थापित करने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक व सकारात्मक रूप से हमेशा संपर्क में बना रहेगा। बांग्लादेश का एक निकट पड़ोसी देश होने के नाते हम वहां के सभी नागरिकों के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बताते चलें कि न्यायाधिकरण का यह फैसला अगले साल 2026 के फरवरी महीने में तय किए गए संसदीय चुनावों की घोषणा से कुछ महीने पहले ही आया है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर चुनावों में भाग लेने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

फैसले पर हसीना की पहली प्रतिक्रिया, राजनीति से प्रेरित और पक्षपातपूर्ण है यह फैसला




### हसीना के प्रत्यर्पण पर भारत मौन

गौरतलब है कि पिछले साल 5 अगस्त 2024 को ढाका में हुए छात्रों के सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने अपना देश छोड़ दिया था और तब से वह भारत में रह रही हैं। न्यायाधिकरण के फैसले के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत से शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के बांग्लादेश प्रत्यर्पण की मांग की है। जिस पर नई दिल्ली द्वारा फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि शेख हसीना और कमाल को शरण देना भारत का एक अत्यंत गैर मित्रवत व्यवहार है। मानवता के खिलाफ अपराध करने वाले लोगों को शरण देना एक प्रकार से कानून या न्याय की अवहेलना करने के समान भी है।

### 2013 में हुई थी प्रत्यर्पण संधि

भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 2013 में अपनी साझा सीमाओं पर उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए एक रणनीतिक उपाय के रूप प्रत्यर्पण संधि की गई थी। 2016 में वांछित भगोड़ों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए इसमें संशोधन किया गया। लेकिन वर्तमान समय में नई दिल्ली द्वारा शेख हसीना का ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हसीना बोलीं, राजनीति से प्रेरित है फैसला

मामले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए शेख हसीना ने एक बयान में कहा कि न्यायाधिकरण का ये फैसला राजनीति से प्रेरित और पूर्णतः पक्षपातपूर्ण हैं। क्योंकि इसका स्वरूप किसी भी तरह से अंतरराष्ट्रीय नहीं है। साथ ही इसकी स्थापना भी एक अलोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार द्वारा की गई है। जिसके पास जनादेश नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश के न्यायाधिकरण को एक धांधली वाला न्यायाधिकरण बताते हुए कहा कि इसने केवल आवामी लीग के सदस्यों पर ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दोष लगाने वालों से नहीं डरती

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे दोष लगाने वालों से डर नहीं लगता है। लेकिन मैं उनका सामना एक उचित न्यायाधिकरण के समक्ष करना चाहती हूं। जहां तथ्यों और साक्ष्यों की निष्पक्षता के साथ जांच-पड़ताल की जाए। इसी वजह से मैंने कई बार अंतरिम सरकार को यह चुनौती दी है कि वो अपने तमाम आरोपों को हेग में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीसी) के सामने उठाएं।

### यूनुस की राजनीतिक चाल

हसीना ने अपने बयान में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे खिलाफ सुनाई गई मौत की सजा यूनुस की एक राजनीतिक चाल का नतीजा है। जिसके जरिए वो अवामी लीग को राजनीतिक रूप से खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। लेकिन बांग्लादेश में अंतरिम सरकार द्वारा स्थापित अव्यवस्था और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिहार कैबिनेट में विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास

# नीतीश 19 को देंगे इस्तीफा 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण संभव

राज्यपाल से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय की दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे आने के बाद राज्य में सरकार बनाने की हलचल तेज है। चुनाव में एनडीए को भारी जीत मिलने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई, जिसमें मौजूदा विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास किया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में औपचारिक रूप से यह सिफारिश पारित की गई कि वर्तमान विधानसभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये होगा

एनडीए की सभी पार्टियां अपने विधायक दल का नेता चुनेंगी, वहीं जेडीयू की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना जाएगा। फिर एनडीए की साझा बैठक में नीतीश को सर्वसम्मति से नेता घोषित किया जाएगा

### फिर नीतीश ही बनाएंगे सरकार

अब साफ हो गया है कि आगामी सरकार का नेतृत्व भी नीतीश कुमार ही करेंगे। एनडीए ने 243 में से 202 सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल किया है। इसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि जेडीयू दूसरे नंबर पर रही।

## बिहार चुनाव में हार की समीक्षा

# साथी दलों के साथ आगे की रणनीति पर कांग्रेस की हाईप्रोफाइल बैठक आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद, कांग्रेस हाई कमान आज, मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित करने जा रही है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी समेत एआईसीसी के शीर्ष नेता और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

यह बैठक न सिर्फ हार के कारणों की चर्चा करेगी बल्कि भविष्य की रणनीति तय करने में भी अहम मोड़ हो सकती है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि चुनाव में हो रही कथित धांधली के ख़िलाफ़ विपक्षी दलों के बीच कैसे एका कर आगे बढ़ा जाए इस पर भी विस्तार से विमर्श होना है। इस बैठक के बाद इंडिया गठबंधन के साथी दलों के साथ भी बैठक प्रस्तावित है ताकि एक साल में पश्चिम बंगाल समेत 4 चुनावी राज्यों में होने वाले एसआईआर की संयुक्त समीक्षा की जा सके ताकि आगे के कदमों का कदमताल साथ साथ दिखे। विपक्षी धमक सत्ता को समझ आए। चुनावी निष्पक्षता पर सवालिया निशान क़ानूनी रूप से कैसे लगाया नए इस पर भी माथापच्ची होनी है। विदित हो कि इस मामले में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में पहले से ही लंबित हैं। कुछ पर सुप्रीम कोर्ट निर्देश भी जारी किए हैं। सूत्रों ने बताया कि महागठबंधन चलाना है या कांग्रेस पार्टी को कम से कम बिहार में अब अकेले सफ़र तय करना है विचार का मसौदा ये भी है। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्र इस बात से ▶▶ शेष पेज 5 पर

## केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव आईआईएसएफ 2025 की तैयारियों की समीक्षा की

# वैज्ञानिक सोच: नीति, शासन और विकास रणनीतियों को दिशा दे रही:डॉ. जितेंद्र सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आागमी 6-9 दिसंबर तक होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2025 की व्यवस्थाओं की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए सोमवार को पृथ्वी भवन में एक गहन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने ने कहा कि आज की चर्चा 2 नवंबर को हुई समीक्षा का स्वाभाविक परिणाम है, जिसका उद्देश्य सभी परिचालन संबंधी



कमियों को दूर करना और यह सुनिश्चित करना है कि आयोजन का पैमाना, वैज्ञानिक गहराई और जन-जन तक पहुँच उच्चतम राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आईआईएसएफ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुंबई में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया

# मंत्री चौहान ने प्राइवेट कंपनियों से मंहगे बीज सस्ते करने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मुंबई में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'गुणवत्तापूर्ण बीजों द्वारा समृद्धि के बीज बोना' है।

उद्घाटन समारोह में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का प्रतीक चिन्ह लोगो भी जारी किया गया। उन्होंने निजी क्षेत्र से बीजों की कीमतें कम करने की अपील की। उन्होंने कहा



कि निजी क्षेत्र के बीज महंगे हैं और अधिकांश किसान वंचित वर्ग से हैं और इन बीजों का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। इस अवसर पर जैव प्रौद्योगिकीविद् एवं आनुवंशिकीविद् त्रिलोचन महापात्रा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## विद्युत मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति ने पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर चर्चा की

# अतिरिक्त हरित ऊर्जा भंडारण में पंप स्टोरेज परियोजनाएं निभाऐगी महत्वपूर्ण भूमिका: मनोहर

*पीएसपी की 224 गीगावाट क्षमता की पहचान की गई, कई परियोजनाएँ विकास के विभिन्न चरणों में*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि अतिरिक्त हरित ऊर्जा भंडारण में पंप स्टोरेज परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के पिन्नापुरम में सोमवार को विद्युत मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की एक बैठक उन्होंने इन परियोजनाओं के विकास में राज्य सरकारों की भूमिका पर जोर दिया। पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) पर केंद्रित इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने की। इस बैठक में विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक, लोकसभा और राज्यसभा से विद्युत मंत्रालय की सलाहकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पाकिस्तान को सेनाप्रमुख की दो टूक चेतावनी...

चीन संग संबंधों में आया सुधार, पिघली है लंबे समय से जमी हुई बर्फ

# 88 घंटे में खत्म हुआ ऑपरेशन सिंदूर तो महज ट्रेलर था, फिर मौका मिलने पर सिखा देंगे करारा सबक: जनरल द्विवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को पाकिस्तान को साफ शब्दों यह बता दिया कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा 7 से 10 मई 2025 तक संयुक्त रूप से की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही तो सिर्फ एक ट्रेलर थी।

जो 88 घंटे यानी 4 दिन में ही समाप्त हो गई थी। लेकिन हम भविष्य में सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति का सामना ▶▶ शेष पेज 5 पर

चाणक्य रक्षा संवाद-25 के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में बोले सेनाप्रमुख



### केवल सेना के दम पर नहीं जीते जाएंगे युद्ध

वर्तमान दौर में युद्ध की प्रकृति बहुआयामी होने की वजह से उन्होंने सशस्त्र सेनाओं के बीच एकीकरण पर जोर दिया है। साथ ही कहा कि केवल थलसेना के बलबूते पर ही युद्ध नहीं जाते जा सकते हैं। हम सभी को मिसाल के तौर पर सेना, वायुसेना और नौसेना को एकजुटता से दुश्मन के खिलाफ लड़ना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सैन्य अभियान से सीखे यह सबक

उन्होंने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर से तीन जरूरी सबक सीखे हैं। जिनमें सेनाओं के बीच एकीकरण सबसे पहले है। इसके बाद लड़ाई या संघर्ष के दौरान समुचित सैन्य सप्लाई को बरकरार रखना और अंत में कमांड की श्रृंखला के प्रत्येक स्तर पर निर्णय लिए जाने का मुद्दा शामिल है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी के मुताबिक, कुछ अभियान होते हैं और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राज्य प्रायोजित आतंकवाद चिंता का मसला

पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा अपनी प्रतिक्रिया से स्थापित किए गए न्यू नॉर्मल के बारे में समझाते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि अगर कोई देश राज्य प्रायोजित आतंकवाद को बढ़ावा देता है। तो यह हमारे देश के लिए चिंता का मामला है। भारत प्रगति के बारे में बात करता है। लेकिन अगर कोई हमारे मार्ग में बाधा खड़ी करता है तो हमारी सेनाएं उसके खिलाफ हर हाल में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कीर्ति नगर इलाके का मामला

# युवक की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर थाना इलाके में स्थित बसई दारापुर रेलवे लाइन की झाड़ियों के पास सोमवार सुबह एक युवक का शव पाया गया। मृतक की पहचान अंगद (32) के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। मृतक की गर्दन पर गहरा कट का निशान है, जिससे इशारा हत्या की तरफ जाता है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे कैमरों की फुटेज चैक कर सुराग तलाशने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि वह मायापुरी में लकड़ी पॉलिश करने का काम करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछली रात उससे संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन संपर्क नहीं हो सका था। सुबह पुलिस से जानकारी मिलने के बाद एक रिश्तेदार ने शव की पहचान की। गर्दन पर गहरा कट का निशान पाया गया है। आशंका है कि किसी धारदार हथियार के वार कर हत्या की गई है।

## अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या करने वाला अरेस्ट

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी में अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या कर शव को खुले नाले में फेंकने के आरोप में 31 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम विष्णु शर्मा बताया गया है। 14 नवंबर को महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने बताया कि विष्णु आदतन अपराधी है और पहले भी तीन मामलों में शामिल रहा है। विष्णु को शक था कि उसकी पत्नी का विवाहेतर संबंध है। पुलिस के अनुसार 14 नवंबर को शाम करीब 4.30 बजे यशपाल नामक व्यक्ति ने पुलिस को एक पीसीआर कॉल करके बताया कि एक महिला का शव नाले के पास पड़ा है। सूचना पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और आंशिक रूप से डूबा हुआ एक महिला का शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच के दौरान विष्णु घटनास्थल पर पहुंचा और पुलिस को बताया कि मृतक उसकी पत्नी श्वेता शर्मा थी। विष्णु ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसे लंबे समय से शक था कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध है, जिसके कारण दंपति के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले यानि 13 नवंबर को रात करीब नौ बजे दंपति के बीच फिर से तीखी बहस हुई, जिसके दौरान विष्णु शर्मा ने आपा खो दिया और घर के अंदर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। इसके बाद सबूत नष्ट करने के लिए विष्णु पत्नी का शव अपने कंधे पर उठाकर औद्योगिक क्षेत्र के पास एक खुले नाले में फेंककर भाग गया। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें आरोपी अपनी पत्नी का शव नाले की ओर ले जाता दिखाई दे रहा है। बाद में विष्णु को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि सत्यापन के दौरान विष्णु का आपराधिक इतिहास सामने आया, जिसमें आबकारी उल्लंघन और चोरी से जुड़ी पिछली तीन घटनाओं का खुलासा हुआ।

## शेयर बाजार में धोखाधड़ी कर महिला से 3 लाख 38 हजार की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शेयर बाजार में निवेश और लुभावनी योजनाओं में उच्च रिटर्न का वादा करके 42 वर्षीय महिला से 3.38 लाख रुपये की ठगी के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दो साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अमूल्य शर्मा (23) और गर्वित शर्मा (26) बताये गये हैं। इनके अलावा एक तीसरे आरोपी 20 वर्षीय सुजल सभरवाल को भी जांच के दौरान बाउंड किया गया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता एकता सचदेवा को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा शेयर निवेश पर आकर्षक लाभ का वादा करके धोखा दिया गया था। उनकी शिकायत के आधार पर 18 सितंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक टीम ने धन के लेन-देन का विश्लेषण किया और पाया कि राशि को एक म्यूल खाते में स्थानांतरित किया गया था और फिर कई एटीएम का उपयोग करके निकाला गया था। 'म्यूल खाते' ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल जालसाज अपराध से मिले पैसे को ठिकाने लगाने के लिए करते हैं। इन खातों का इस्तेमाल अपराधी अवैध रूप से कमाए गए पैसे को लेने, अंतरित करने या छिपाने के लिए करते हैं। खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को ट्रैक किया गया और तकनीकी निगरानी से पता चला कि धोखाधड़ी वाले प्रकरण से कुछ समय पहले ही उसे अमूल्य शर्मा द्वारा संचालित किया जा रहा था। आगे की जांच से पता चला कि एक ही 'म्यूल खाते' से दूसरे खातों में 50 से ज्यादा संदिग्ध लेनदेन किए गए थे। आरोपी एक ऐसे गिरोह का हिस्सा थे जो 'म्यूल खाते' बनाने और फर्जी निवेश योजनाओं से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने में माहिर थे। पुलिस ने बताया कि धोखाधड़ी से जुटाई गई रकम बाद में निकालकर क्रिप्टोकरेंसी खरीदने में इस्तेमाल की गई थी। अमूल्य और गर्वित को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि सुजल से 'म्यूल खातों' के संचालन में शामिल होने के आरोप में पूछताछ की गई। उसे बाउंड किया गया है। बाउंड का मतलब होता है कि कानूनी तौर पर उसे बुलाए जाने पर जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा और यदि वह शहर छोड़ने का इरादा रखता है तो उसे पुलिस को सूचित करना होगा। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL_1214
REG. NO. UP15ET2732- YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 633052

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 24-11-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

# 3 करोड़ मूल्य की इलायची बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले की अलीपुर पुलिस ने लगभग 3 करोड़ मूल्य की इलायची की एक बड़ी खेप पकड़ी है। इस सिलसिले में तीन लोगों को पकड़ा गया है। आरोपियों के नाम रमन, बालाजी और रतन बताये गये हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 8 नवंबर को तमिलनाडु के थेनी जिले के निवासी आर. सिराजुद्दीन की शिकायत अलीपुर थाने में प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने आपराधिक विश्वासघात और मूल्यवान इलायची की खेप के गबन का आरोप लगाया था। यह माल दीपक ट्रांसपोर्ट के मालिक बालाजी और उनके सहयोगियों को सौंपा गया था। बताया गया कि आरोपियों ने बेईमानी से माल को कहीं और भेज दिया और अवैध रूप से बेंगलुरु, कर्नाटक में बेच दिया। केस दर्ज कर जांच की गई। छापेमारी और कार्रवाई में 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से 203 कट्टे इलायची बरामद हुई। प्रत्येक कट्टे का वजन 50 किलो है। इस गंभीर आर्थिक अपराध में शामिल शेष आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय रूप से पुलिस के प्रयास जारी हैं।

# 80 वर्षीय महिला से सोने के झुमके ठगने वाली अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली में 50 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर 80 वर्षीय महिला की दिवंगत बेटी का शोक मनाने के बहाने उसके घर में प्रवेश किया और उसके सोने के झुमके नकली झुमकों से बदल लिए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया कि घटना 30 अक्टूबर को तब सामने आई जब चांदनी महल थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी। उसमें सोने के झुमके चोरी होने की सूचना दी गई थी।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले ही एक अज्ञात महिला उसके घर आई थी और दावा किया था कि वह उसकी दिवंगत बेटी को जानती है। बातचीत के जरिए महिला का विश्वास जीतकर आरोपी महिला अगले दिन वापस आई और बुजुर्ग महिला से कहा कि उसका एक झुमका ढीला हो गया है। उसे कसने के बहाने उसने कथित तौर पर नकली बाली पहना दी और चली गई। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने इलाके में लगे कई सीसीटीवी कैमरों की जांच की और व्यापक स्थानीय पूछताछ की। हालांकि महिला ने हिजाब पहना हुआ था, फिर भी फुटेज में उसकी चाल, आंखें और माथे का कुछ हिस्सा दिखाई दे रहा था। उसके चेहरे की बनावट शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए विवरण से मेल खाती थी। निरंतर तकनीकी निगरानी के बाद काला महल निवासी आरोपी का महिला पता लगाया चला और उसे 15 नवंबर को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर आर्थिक लाभ के लिए अपराध करने की बात स्वीकार की और कहा कि वह ठगने के लिए समान आकार और डिजाइन का कृत्रिम झुमका लेकर आई थी। पुलिस ने कहा कि चोरी किए गए सोने के झुमके बरामद करने और यह पता लगाने के प्रयास जारी हैं कि क्या वह पहले भी इसी तरह के अन्य अपराधों में शामिल थी।

## ट्रेड फेयर में सीपी ने किया दिल्ली पुलिस पवेलियन का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने सोमवार को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में दिल्ली पुलिस मंडप का उद्घाटन किया। दिल्ली पुलिस मंडप में चार विषयगत स्टॉल प्रदर्शित किए गए हैं। एक नए आपराधिक कानून और उनकी अनूठी विशेषताएं। दूसरा एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का है। इसमें मकसद आगंतुकों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है, जिससे उन्हें नशीली दवाओं के खतरे के आयामों के बारे में पता चले। तीसरा साइबर अपराध जागरूकता को लेकर है। इसमें रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और निवारक उपायों का प्रदर्शन किया गया है। चौथा दिल्ली पुलिस की कल्याणकारी पहल को प्रदर्शित करेगा। इसमें पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी (पीएफडब्ल्यूएस) के उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन और बिक्री होगी। इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **चंद्र प्रकाश भारद्वाज, पुत्रः** स्व0 बनारसी दास, **पताः** मकान न.– डब्ल्यू जेड– 85, मोहन नगर, पंखा रोड, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 102/2012, U/s: 420/468/471/120-B IPC, थानाः** तिमार पुर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चंद्र प्रकाश भारद्वाज,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चंद्र प्रकाश भारद्वाज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 102/2012, U/s: 420/468/471/120-B IPC, थानाः** तिमार पुर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **चंद्र प्रकाश भारद्वाज,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
कमरा न. 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15067/N/2025
(Court Matter)

## दिल्ली पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में अल-फलाह विवि के चेयरमैन को भेजा समन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल मामले की जांच और जालसाजी व धोखाधड़ी के लिए अल फलाह विश्वविद्यालय के खिलाफ दर्ज दो मामलों के संबंध में विश्वविद्यालय के चेयरमैन को दो समन जारी किए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह समन तब भेजा गया जब जांचकर्ताओं ने पाया कि विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी का बयान संस्थान के कामकाज और उससे जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों से संबंधित कई विसंगतियों को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा शनिवार को गंभीर चिंता जताए जाने के बाद अपराध शाखा ने हरियाणा स्थित इस विश्वविद्यालय के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में दो प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि दोनों नियामक निकायों ने विश्वविद्यालय के मान्यता संबंधी दावों की समीक्षा के बाद बड़ी अनियमितताओं को चिन्हित किया तथा अपने निष्कर्ष कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये प्राथमिकियां विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता संबंधी कथित झूठे दस्तावेजों और दावों से संबंधित हैं। मामले की विस्तार से जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिद्दीकी को समन जारी करना व्यापक जांच का हिस्सा है, जो पिछले सप्ताह लाल किले के पास हुए विस्फोट की चल रही जांच से संबंधित है। माना जा रहा है कि विस्फोट से जुड़े कई संदिग्धों का विश्वविद्यालय से संबंध रहा है, जिसके कारण जांचकर्ताओं को संस्थागत रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन और प्रशासनिक स्वीकृतियों की जांच करनी पड़ रही है। मामले की जांच जारी है।

## लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास पिज्जा की दुकान में आग लगी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में सोमवार शाम लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास पिज्जा की एक दुकान में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। डीएफएस को शाम 4.45 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद चार दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। अधिकारी ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और इसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित आसपास की दुकानों तक फैलने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चोरी का शक होने पर व्यक्ति की हत्या के आरोप में फैक्टरी मालिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना में एक औद्योगिक इकाई में चोरी का शक होने के बाद 28-वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में फैक्टरी के एक मालिक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 14 नवंबर को एक व्यक्ति के संबंध में सूचना मिली, जिस पर एक दिन पहले बवाना स्थित एक इकाई में उसके मालिक अमित तिवारी और चार मजदूरों द्वारा हमला किया गया था। पुलिस के अनुसार, मौके पर पहुंची टीम को परिसर के बेसमेंट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिस पर चोट के कई निशान थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि लगातार पूछताछ के बाद उसकी पहचान मेट्रो विहार फेज-2 निवासी मोहित (28) के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस ने जानलेवा हमले में कथित रूप से शामिल पांचों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान फैक्टरी मालिक अमित तिवारी (42), मजदूर विपिन कुमार (24), हरिओम पालीवाल (19), अशोक झा (38) और सोनू (28) के रूप में हुई है। ये सभी फैक्टरी परिसर या आसपास के इलाकों के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागारिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनु, पुत्र फूल सिंह निवासी डी-130, हास्टल विहार, उत्तम नगर, मोहन गार्डन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16/2018, भा.द.सं. की धारा 279/388 के तहत, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोनु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोनु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16/2018, भा.द.सं. की धारा 279/388 के तहत, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरद्वीप कौर
एलडी. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, (उत्तर)
कमरा नं. 117, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14965/NW/2025

# सांसद खेल महोत्सव के जरिए फिट इंडिया-हिट इंडिया के लिए वार्ड स्तर तक जगाएंगे अलख: हर्ष मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केन्द्रीय सड़क और परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान को सफलता की बुलंदियों पर ले जाने के लिए वार्ड स्तर तक अलख जलाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फिट इंडिया-हिट इंडिया अभियान को वर्तमान समय भी हर वर्ग के 13 से 64 वर्ष तक की उम्र के प्रतिभाशाली प्रत्येक खिलाड़ी को जोड़ने के लिए भरपूर प्रयास किया गया। अभियान से जुड़कर बुलंदी के लिए 13 से 64 साल तक की उम्र के लोगों ने जमकर पसीना बहाया है। केंद्रीय राज्य मंत्री मल्होत्रा यमुनापार स्थित खेल गांव अक्षरधाम स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के साथ-साथ अन्य स्थानों पर 6 नवम्बर से शुरू हुई वालीबॉल ,टेबल टेनिस,कबड्डी , एथलेटिक्स व फुटबॉल जैसे खेलों की प्रतियोगिता में अव्वल आए प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर मंत्री मल्होत्रा के अलावा सांसद खेल महोत्सव के सह संयोजक सुंदर चौधरी, जितेन्द्र डेढा, एथलेटिक्स प्रतियोगिता के संयोजक पवन शर्मा व सह संयोजक भाजपा शाहदरा जिले अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन जैन और एथलेटिक्स कोच जसविन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। अपने संबोधन के दौरान हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि खेल महोत्सव खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, प्रतिभा निखारने के साथ ही ग्रासरूट लेवल की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा मंच बनेगा। क्योंकि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य देश में खेल और खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देना ,युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना व फिट इंडिया हिट इंडिया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। मंत्री ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए बताया कि 13 वर्ष तक की आयु की महिलाओं की दौड़ में प्रथम स्थान अनुष्का, द्वितीय स्थान श्रुति सिंह, तीसरा स्थान वैष्णवी ने लिया। जबकि पुरुषों की 18 वर्ष आयु वर्ग में पहला स्थान सुदित, दूसरा स्थान विदित व तीसरा स्थान तेजस जैन ने लिया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के सह संयोजक विपिन जैन ने बताया कि 200 मी की 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 64 वर्षीय रमेश नेगी ने पहला स्थान प्राप्त करके दिखाया कि खेलों में आयु कोई मायने नहीं रखती। वहीं 100 मीटर की महिलाओं की अन्य दौड़ में प्रथम स्थान काजल, दूसरा स्थान याशिका व तीसरा स्थान जाह्नवी कुमारी ने प्राप्त किया। जबकि 18 से 30 वर्ग आयु की महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान टीना दूसरा खुशबू व तीसरा स्थान आकांक्षा ने प्राप्त किया।

## लाल किला विस्फोट मृतकों की संख्या हुई 15

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट में दो अन्य घायलों की एलएनजेपी अस्पताल में मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान लुकमान (50) और विनय पाठक (50) के रूप में हुई है। पिछले बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान बिलाल नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि इन मौतों के साथ ही इस विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई, जबकि कई अन्य लोगों का अब भी इलाज जारी है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल से इन मौतों की जानकारी मिली है और जल्द ही पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 420 दिनांक 12.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम-अंशिका।
पिता का नाम - सज्जन।
पता - गांव दोदवा थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।
उम्र- 16 वर्ष
कद- 5 फुट।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
पहनावा - हरे रंग का सुट व गुलाबी रंग की जर्सी , पीले रंग की सलवार, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.11.2025 को अंशिका पुत्री सज्जन वासी गांव दोदवा थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं. :-7419410545,
अनुसंधानकर्ता मो. नं. :- 9466067953,
कन्ट्रोल रूम सोनीपत :- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4132/2026/40384/88/7 दि. 17.11.2025

## खबर संक्षेप

### पिंक लाइन पर सिग्नलिंग खराबी से यात्रा हुई बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की की पिंक लाइन, मजलिस पार्क-शिव विहार पर 17 नवंबर 2025 सोमवार को सिग्नलिंग सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के कारण यात्रा बाधित हुई। जिसके चलते हजारों यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिंक लाइन पर सिग्नल संबंधी समस्याओं के कारण मौजपुर और जाफराबाद मेट्रो स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई। सुबह पीक समय में हुई इस खराबी के असर से स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ लग गई। बाद में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने खराब को लेकर अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। डीएमआरसी ने लिखा कि सेवाएं बहाल करने के प्रयास किए जा रहे है। करीब एक घंटे बाद पुन डीएमआरसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी कि सेवाएं सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गई हैं।

### श्री गुरु तेग बहादुर वर्षगांठ समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 19 से 25 नवंबर 2025 तक लाल किला, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु दिल्ली सचिवालय में उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंत्री (कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन) कपिल मिश्रा तथा मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा (खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग) द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन है। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनकी शहादत को आत्मसात करने का संकल्प है।

### सवा लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को मिलेगा तात्कालिक लाभ

# ‘बुक प्रॉपर्टीज’ में भी मिलेगा बिजली कनेक्शन : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में बिजली कनेक्शन से वंचित नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ‘बुक प्रॉपर्टी’ में बिजली कनेक्शन देने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के आदेश पर सरकारी आदेश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय से सवा लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को तात्कालिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह निर्णय जन-हित में लिया गया है। दिल्ली सरकार नागरिकों के मूल अधिकारों तथा आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता को हर परिस्थिति में सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है।

दिल्ली सरकार से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।



मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली विभाग को लगातार जन शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें कहा गया है कि डिस्कॉम (बिजली कंपनियों) ने इस आधार पर बिजली कनेक्शन नहीं दिए या काट दिए हैं कि संबंधित संपत्तियां दिल्ली नगर निगम द्वारा अनधिकृत निर्माण के लिए बुक की गई हैं। ऐसे कई मामलों में, यह बताया गया है कि एमसीडी द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी होने के इतने वर्षों बाद भी, विभिन्न कारणों से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

#### निगम द्वारा ‘बुक’ की गई संपत्तियों को भी मिलेगा कनेक्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दिल्ली में उन संपत्तियों को भी बिजली कनेक्शन प्रदान किया जा सकेगा, जो नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण के आधार पर ‘बुक’ की गई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों से लाखों लोग इन संपत्तियों में रह रहे हैं, लेकिन केवल बुक्ड प्रॉपर्टी के आधार पर उन्हें बिजली कनेक्शन से वंचित कर दिया गया था, जो न केवल असुविधाजनक था, बल्कि कई क्षेत्रों में बिजली चोरी को बढ़ावा दे रहा था। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। यह आदेश नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाला और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### डिस्कॉम व नगर निगम के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश

मुख्यमंत्री का कहना है कि नए आदेश के अनुसार डिस्कॉम (बिजली कंपनियां) अब केवल इस आधार पर कनेक्शन देने से इनकार नहीं कर सकतीं कि संपत्ति दिल्ली नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण के लिए बुक की गई है। बिजली का कनेक्शन तभी रोका जा सकता है जब दिल्ली नगर निगम औपचारिक रूप से किसी संपत्ति के ध्वस्तीकरण या सीलिंग की कार्रवाई की सूचना दे। मुख्यमंत्री के अनुसार डिस्कॉम व नगर निगम के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की विसंगति न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम से न केवल नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि बिजली चोरी और अनधिकृत बिजली उपयोग पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

## दिल्ली को अधिक स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए कार्य जारी : पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में की स्वच्छता एवं सफाई कार्यों की समीक्षा

हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद से हम दिल्ली को अधिक स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र के न्यू अशोक नगर वार्ड में सफाई और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण के दौरान यह बात कही।

उन्होंने बताया कि नई अशोक नगर में विकास कार्य अच्छी प्रगति पर हैं, और हमारे विधायक व पार्षद हर मुद्दे पर सक्रियता से निगरानी कर रहे हैं। कुछ कमियाँ हैं, लेकिन जल्द ही दूर कर दी जाएँगी। बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण, जनस्वास्थ्य और नागरिक सुविधाओं को और मजबूत करने के प्रयासों के तहत यह दौरा सरकार द्वारा निर्धारित वार्ड निरीक्षण के क्रम में किया गया, ताकि जमीनी स्थिति की समीक्षा कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान मंत्री के साथ क्षेत्रीय विधायक रवि कांत, स्थानीय वार्ड प्रतिनिधि तथा नगर निगम दिल्ली और दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को सुनने के बाद मंत्री डॉ पंकज कुमार ने आश्वासन दिया कि नाले की सफाई, कचरा उठान, आवारा पशु प्रबंधन, धूल नियंत्रण और ट्रैफिक जाम जैसे सभी मुद्दों का समाधान नागरिक एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से जल्द किया जाएगा।

### प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय का बार-बार हस्तक्षेप भाजपा सरकार पर गंभीर सवालिया निशान : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण सहित अन्य जनहित मुद्दों पर सर्वोच्च न्यायालय का बार-बार हस्तक्षेप करना भाजपा सरकार की जनता के प्रति विफलता और निष्क्रियता पर गंभीर सवालिया निशान लगाते है। न्यायालय हर बार इनकी विफला को उजागर करता है बावजूद सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ता। यादव ने आरोप लगाए कि पिछले नौ महीनों से दिल्ली सरकार का पूरा ध्यान राजधानी की समस्याओं के समाधान की बजाए अपने प्रचार पर रहा है। उन्होंने कहा कि गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 4 के तहत सभी उपायों को तुरंत और सख्ती से लागू करने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश आया है। अब इस आदेश का पालन करने के लिए दिल्ली सरकार बाध्य होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शासन मॉडल पर यह एक और प्रहार है। क्योंकि न्यायालय ने जोर देकर कहा था कि यह एक संवैधानिक कर्तव्य है और एक्यूआई गंभीर प्लस सीमा से नीचे गिरने पर भी प्रतिबंध लागू रहेंगे। यादव ने कहा कि सरकार न केवल अपने किसी भी चुनावी वादे को पूरा करने में विफल रही है, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय को बार-बार हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर किया है।



## वायु प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत, बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन के प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिल रही है। ग्रेप तीन के तहत उठाए जा रहे तमाम कदम बेअसर साबित हो गए है जिसके चलते वायु प्रदूषण लगातार बहुत खराब व गंभीर श्रेणी में दर्ज हो रही है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 359 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। सीपीसीबी ने अनुमान जताया कि अगले दो दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। कई इलाकों में घने स्मॉक की एक परत छाई रही। सीपीसीबी द्वारा आंकड़ों के अनुसार इंडिया गेट 341, अलीपुर 386, आनंद विहार 383, बवाना 427, बुराड़ी 348, चांदनी चौक 383, द्वारका 356, आईटीओ 394, जहांगीरपुरी 406, मुंडका 395, डीटीयू 403, नरेला 406, रोहिणी 404, वजीरपुर 401 और रोहिणी में 404 एक्यूआई दर्ज हुआ। सुबह शहर के 38 मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 6 स्टेशनों में एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया, जो गंभीर' श्रेणी में आता है।



वहीं 32 स्टेशनों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली पिछले एक महीने से अधिक समय से जहरीली हवा में सांस ले रही है, यहां तक कि कृत्रिम वर्षा के प्रयास भी विफल रहे हैं। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण कई दिनों से दिल्ली में ग्रेप 3 लागू है, लेकिन इसका प्रभावी ढंग से पालन नहीं हो रहा है। जगह जगह खुले में पड़ी मिट्टी, खुले में पड़ी निर्माण सामग्री, जगह जगह कूड़े के ढेर में आग लगाना आदि शामिल है।

### चौथे दिन भी पारा गिरा, 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार चौथे दिन न्यूनतम पारा गिरा है जिसके बाद तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है जो इस सीजन का सबसे कम और सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। यह तीसरा दिन है जब न्यूनतम तापमान 9 डिग्री या इससे कम है। लेकिन मौसम विभाग ने अभी तक दिल्ली में शीतलहर चलने की घोषणा नहीं की है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और गिरेगा। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काई मेट वेदर ने बताया कि तीन दिन से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है। इसी क्रम में अब सोमवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही।

## ‘निगम की पार्किंग में ना हो लाल किला कांड जैसी दुर्घटना’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- लाभकारी परियोजना समिति बैठक में सुरक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित

दिल्ली नगर निगम की पार्किंग में लाल किला कांड जैसी दुर्घटना फिर से ना हो इसके लिए सोमवार को लाभकारी परियोजना समिति की बैठक में एक सुरक्षा संबंधी प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। समिति सदस्य और पार्षद योगेश कुमार एडवोकेट ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निगम की पार्किंग में सुरक्षा संबंधी मामलों को देखते हुए यह प्रस्ताव मैंने रखा और वह प्रस्ताव पास भी करवाया है।

उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र में स्थित पार्किंग स्थलों पर लगातार हो रही वाहन चोरी, झगड़े, तोड़फोड़, असामाजिक गतिविधियों सुरक्षा संबंधी अन्य घटनाओं को रोकने एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह समिति संकल्प लेती है कि निगम के अंतर्गत सभी अधिकृत एवं अनुबंधित पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई व्यवस्थाएं, उपाय अनिवार्य किए जाएं, जिनमें सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, सुरक्षा गार्डों की पर्याप्त तैनाती, उचित रोशनी एवं ब्लाइंड स्पॉट हटाना, फायर सेफ्टी नियमों का पालन, स्टाफ का पुलिस सत्यापन, महिला सुरक्षा के विशेष उपाय, शिकायत निवारण तंत्र, मासिक निरीक्षण शामिल है। समिति सदस्य योगेश कुमार ने बताया कि इन सभी उपायों का उद्देश्य पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक पार्किंग सेवा उपलब्ध कराना है।

## क्षेत्रीय परिषद बैठक में सीएम ने साझा किए मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पड़ोसी राज्यों तथा केंद्र के साथ मिलकर होगा समाधान

फरीदाबाद में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी से जुड़े प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने पड़ोसी राज्यों तथा केंद्र के साथ मिलकर साझा समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए रचनात्मक सहयोग का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और पड़ोसी राज्यों की चुनौतियां साझा हैं और समन्वित प्रयासों से ही दीर्घकालिक समाधान संभव है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार हर साझा पहल में सक्रिय, सहयोगी और रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा जताया कि परिषद के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों पर सकारात्मक संवाद आगे भी जारी रहेगा और पूरे उत्तर क्षेत्र को इससे दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर क्षेत्रीय गतिविधियों का बड़ा प्रभाव पड़ता है, विशेषकर पराली जलाने से उत्पन्न धुआं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पराली प्रबंधन में सकारात्मक प्रगति की है, परंतु पंजाब से आने वाले धुएं की मात्रा अब भी अधिक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पड़ोसी राज्य, विशेषकर पंजाब और हरियाणा, दिल्ली की स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने में और अधिक सहयोग करेंगे।




### श्रम मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# न्याय में देरी श्रमिकों के अधिकारों पर है सीधा प्रहार : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्याय में देरी श्रमिकों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है, इसलिए प्रत्येक मामले के लिए एक निश्चित टाइमलाइन तय की जाएगी और उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। सोमवार को दिल्ली सचिवालय में श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी।

बताया गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राजधानी के निर्माण श्रमिकों और मजदूरों के जीवन, सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने वाले सुधारों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करना रहा। साथ ही, श्रम विभाग के पोर्टल को अपडेट करने तथा नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए ताकि मजदूरों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों को त्वरित और सीधा सहयोग मिल सके। बैठक के दौरान मंत्री ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में स्किल डिवेलपमेंट कार्यक्रमों के विस्तार, निर्माण स्थलों पर आधुनिक सुरक्षा मानकों पर आधारित प्रशिक्षण, रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रमाणित कोर्सेज की शुरुआत और ऑन-साइट ट्रेनिंग को अनिवार्य बनाने जैसे सुझाव शामिल थे। इसके साथ ही मृत्यु मुआवजा राशि में वृद्धि को लेकर नीतिगत स्तर पर ठोस प्रस्ताव तैयार करने और इसे जल्द अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया ताकि किसी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में श्रमिक परिवारों को बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिल सके।



#### भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस न करे श्रमिक

मंत्री ने कहा कि हम एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं जहां कोई भी श्रमिक अपने अधिकार, स्वास्थ्य या भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस न करे। यह प्रयास केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक सार्थक कदम है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली के हर निर्माण स्थल पर सुरक्षित वातावरण, बेहतर अवसर और सम्मानजनक कार्य-शर्तें उपलब्ध हों ताकि शहर का विकास और श्रमिकों का जीवन - दोनों समान रूप से सशक्त और सुरक्षित बन सकें।

**खबर संक्षेप**

### हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को भेजा जेल



**फरीदाबाद।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने काबू कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। अमित कुमार निवासी छरपा बिहार हाल मिर्जापुर फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका मामा बेचैन सिंह मिर्जापुर प्लांट पर काम करता था। मामा ने प्लांट मालिक से बकाया सैलरी देने को कहा तो पूरी सैलरी नहीं दी।

### लोन की किस्त भरने के नाम पर की गई थी ठगी



फरीदाबाद। साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बल्लभगढ़ ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 सितंबर को उसके पास एक फोन आया जिसने उसे बताया कि उसके लोन की किस्त ऑटो डेबिट नहीं हो रही है। जिसके कारण उसका खाता फ्रिज हो गया है। लोन की किस्त भरने के लिये ठगों ने उसे एक अंकाउट नबंर दिया।

### अवैध हथियार रखने वाला आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा व 5 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए विकाश निवासी घोड़ी पलवल हाल सेक्टर-3 फरीदाबाद को वाल्मिकी मंदिर सेक्टर 3 फरीदाबाद के पास से एक देसी पिस्टल, एक देशी कट्टा व 5 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

# विधायक विमला चौधरी, मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने रखी दो करोड़ के विकास कार्यों की नींव

## गांव नवादा फतेहपुर और सिकंदरपुर में योजनाओं का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



वार्ड 19, 20 में शुरू हुए विकास कार्य

पटौदी की विधायक विमला चौधरी और नगर निगम मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने सोमवार को निगम क्षेत्र के गांव नवादा फतेहपुर और सिकंदरपुर में लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों की आधारशिला रखी। शुभारंभ करते हुए विधायक और मेयर ने कहा कि निगम के प्रत्येक वार्ड के हर गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाना ही उनका लक्ष्य है। सोमवार को वार्ड 19 के गांव सिकंदरपुर में विधायक और मेयर ने इंटरलॉकिंग टाइल्स, सीवर लाइन और पानी की नई सप्लाई लाइन बिछाने के कार्यों की शुरूआत की। इसी के साथ रंजन मंदिर से लेकर जेनेसिस हॉस्पिटल तक आरएमसी रोड़ के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी तरह वार्ड 20 के गांव नवादा फतेहपुर में पंप हाउस की बाउंड्री वॉल, आईपीबी ट्रेक और शिशु कल्याण स्कूल के पास आरएमसी रोड़ निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। अपने संबोधन में विधायक बिमला चौधरी ने कहा कि सरकार गांवों के संतुलित विकास के लिए कार्य कर रही है।

पटौदी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क,सीवर और साफ पीने का पानी उपलब्ध करवाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जनहित के कामों को पूरा किया जाएगा। ग्रामीण उन्हें अपने-अपने गांव में होने वाले विकास कार्यों की सूची दें, बजट का बंदोबश्त वे स्वयं सरकार से करवा लेंगी। मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने भी निगम क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निगम क्षेत्र के प्रत्येक काम करवाएं जाएंगें। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य योजनाओं का तय समय सीमा में काम शुरू किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त लोकेश यादव, पार्षद रवि यादव, रविंद्र यादव, प्रताप सिंह, एक्सईएन मंदीप धनखड़, एसडीओ विकास शर्मा, जेई जयवीर यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सूरजकुंड में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्यों के बीच सतत सहयोग का होना जरूरी : सीएम

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान सहित दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख के उप राज्यपाल व मुख्यमंत्री और चंडीगढ़ के प्रशासक ने लिया हिस्सा, मुख्यमंत्री का पंजाब से आग्रह, जल विवाद पर गुरुओं की महान परंपराओं का रखा जाए ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री व उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् चेयरमैन अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की 32वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री व उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के वाइस. चेयरमैन नायब सिंह सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, जम्मू एवं कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुला, लद्दाख के उप राज्यपाल कविंदर गुप्ता, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सहित संबंधित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के उच्चाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में आगमन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित संबंधित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की प्रगति के लिए राज्यों के बीच सतत सहयोग के माहौल का होना अति महत्वपूर्ण है। अपने संसाधनों को एकत्रित करकेए अपने ज्ञान को सांझा करके और एक दूसरे की सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाकर ही हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।




### पंजाब से आग्रह, जल विवाद पर गुरुओं की महान परंपराओं का रखा जाए ध्यान

नायब सिंह सैनी ने बैठक के महत्वपूर्ण एजेंडा मदों पर चर्चा के दौरान कहा कि सभी राज्यों के पानी के हिस्से को संबंधित राज्य तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। हरियाणा लगातार दिल्ली को उसके हिस्से से अधिक पानी अपने हिस्से से देता रहा है। जबकि एसवाईएल न बनने के कारण हरियाणा को पंजाब से अपने हिस्से का पूरा पानी नहीं मिल रहा है। अगर एसवाईएल के रास्ते हरियाणा को अपने हिस्से का पूरा पानी मिलता है, तो राजस्थान को भी उसके हिस्से का पूरा पानी मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। यह वह पावन धरा है, जहां भाई कन्हैया जी जैसे गुरु सेवक हुए, जिन्होंने युद्ध भूमि में घायल पड़े दुश्मनों के सैनिकों को भी पानी पिलाया। उन्होंने परिषद के माध्यम से पंजाब से आग्रह किया कि जल विवाद पर गुरुओं की महान परंपराओं का ध्यान अवश्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि पानी हम सबका सांझा है।

### हरियाणा सरकार ने हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवा की सुनिश्चित

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को और आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने अपनी चिरायु योजना इसके साथ जोड़ी है। यह डबल इंजन सरकार द्वारा दोगुणी गति से विकास का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के प्रत्येक छोटे से छोटे गांव में भी अब बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है।

### हरियाणा सरकार ने एक साल में ही 47 संकल्पों को किया पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गत विधानसभा चुनावों के दौरान जारी किए गए संकल्प.पत्र के 217 में से 47 वादों को पहले वर्ष में ही पूरा कर दिखाया है। उन्होंने केवल एक संकल्प का उल्लेख करते हुए बताया कि गत 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी ऐप का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के 109वें जन्म दिवस के अवसर पर किया।




**उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक एक भारत श्रेष्ठ भारत का बनेगी उदाहरण**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बैठक के एजेंडे की हर मद पर राज्य की विस्तृत टिप्पणियां परिषद् को प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस बैठक के विचार-मंथन से राज्य व केंद्र शासित प्रदेश सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, अंतर्राज्यीय व केन्द्र राज्यों के बीच कई मुद्दों को सुलझाने में सहमति बनाने में सफल होंगे।

## ननि ने अभियान चलाकर हटाए अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर

# अवैध विज्ञापन करने वालों पर विभाग कसे शिकंजा: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर निगम ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर शहर अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाए। प्रभारी विज्ञापन डॉ. अनुज ने बताया कि प्रतिदिन रोस्टर के क्रम में अवैध विज्ञापन के विरुद्ध निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। जिसमें न केवल अवैध विज्ञापन को हटाया जा रहा है बल्कि अवैध रूप से विज्ञापन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए योजना भी बनाई जा रही है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की टीम द्वारा समस्त जोन में अवैध विज्ञापन हटाने की कार्यवाही की जा रही है शहर वासियों से भी शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने के लिए अवैध विज्ञापन ना होने देने की अपील भी की जा रही है। प्रभारी विज्ञापन को चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए गए। अवैध विज्ञापन करने वालों पर जुर्माना लगाने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। जिसमें अवैध विज्ञापन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाना प्रारंभ किया जाएगा। विज्ञापन विभाग वर्तमान में अवैध विज्ञापन कर्ताओं को नोटिस जारी कर रहे हैं योजना बनाते हुए अवैध विज्ञापन के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जाएगी जिससे अभियान चलने पर निगम को भी लाभ। रोड, हापुर चुंगी, ठाकुरद्वारा, मोहन नगर चौराहा, शालीमार गार्डन, वसुंधरा तथा इंदिरापुरम क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

# पन्हैड़ा कलां में नेत्र जांच व दंत चिकित्सा जांच का लगा कैंप

**बल्लभगढ़।** देहात के गांव पन्हैड़ा कलां में भगवान परशुराम पुस्तकालय समिति के सहयोग से नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाईंड का उपक्रम के द्वारा नेत्र जांच व मानव रचना लोक सामाजिक विभाग डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत चिकित्सा जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 309 लोगों ने अपना चैकअप कराया। कैम्प में 22 लोगों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चुना गया। इन सभी बुजुर्गों का आपरेशन निःशुल्क किया गया। दांतों की समस्या से प्रभावित लोगों को मानव रचना डेंटल के द्वारा निरूशुल्क दांतों का ईलाज किया गया। कैम्प के लिए आए डॉ. दिवाकर, डॉ. अखिलेश, डॉ. अदिबा सलीम, डॉ. निकिता, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. खुशी, डा. प्रांजल का समिति अध्यक्ष राम कुमार, महासचिव राहुल वत्स आदि।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAH3928-YOM- 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
PUNIT PARASHAR (COMMERCIAL BANK, KMBL) raman.ahuja@kotak.com

## 92 छात्रों को किया गया शॉर्टलिस्ट



# आईटीआई फरीदाबाद में लगे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेले में 102 छात्रों को दिया गया मौके पर ही रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की राजकीय आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए आज प्रधानमंत्री नेशनल शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई फरीदाबाद में किया गया । इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में फरीदाबाद, पलवल, पृथला के औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया। इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में कुल 210 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लेकर 92 आईटीआई पास छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनको उद्योगों में आने का समय दिया गया और 102 छात्रों को मौके पर ही रोजगार दिया गया। इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत शर्मा अध्यक्ष आईएमटी फरीदाबाद व मेले की अध्यक्षता भगत सिंह प्रधानाचार्य आईटीआई फरीदाबाद ने की।

# जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाने के संदेश को लेकर हार्वेस्ट गोल्ड ने लॉन्च किया नया कैंपेन

**गुरुग्राम।** जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाने के संदेश को लेकर दिल्ली-एनसीआर के ब्रेड ब्रांड हार्वेस्ट गोल्ड ने अपना नया कैंपेन लॉन्च किया। आपके ब्रेकफास्ट की स्मार्ट चॉइस' थीम पर आधारित यह कैंपेन इस विचार को सामने लाता है कि जब आप कोई समझदारी भरा निर्णय लेते हैं लोग उसे नोटिस करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। चाहे वह कोई सोच-समझकर लिया गया फैसला हो या स्वस्थ आदत, स्मार्ट चॉइस हमेशा तारीफ़ के लायक होती है। कैंपेन को लेकर विक्रम सभरवाल, सीनियर डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग, बिम्बो बेकरीज़ इंडिया ने कहा कि इस कैंपेन के ज़रिए हम सिर्फ़ न्यूट्रिशन नहीं, बल्कि उस सकारात्मक भावना का उत्सव मना रहे हैं जो सही चुनाव करने से आती है। हार्वेस्ट गोल्ड की 100 प्रतिशत आटा ब्रेड न केवल स्वादिष्ट और पौष्टिक है, बल्कि यह दिनभर की फाइबर की ज़रूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी पूरी करती है। एक आकर्षक पहल के रूप में, हार्वेस्ट गोल्ड ने ज़ेप्टो के साथ साझेदारी की है। अब, जब ग्राहक ज़ेप्टो ऐप पर हार्वेस्ट गोल्ड की किसी भी हाई-फाइबर ब्रेड, 100 प्रतिशत आटा, 100 प्रतिशत होल व्हीट या मल्टीग्रेन, को चुनते हैं।

## अस्पतालों में मरीजों के लिए विशेष काउंटर

# फरीदाबाद में आयुष्मान भारत सर्जिकल कैंप शुरू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत 17 नवंबर से 22 नवंबर तक विशेष सर्जिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य आयुष्मान भारत लाभार्थियों को अधिक से अधिक सर्जिकल उपचार उपलब्ध कराना है। कैंप के सफल आयोजन के लिए सिविल सर्जन ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और आशा वर्कर्स को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

### इन मरीजों पर रहेगा फोकस

निर्देशों के अनुसार सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ईएनटी, नेत्र, स्त्री रोग, सामान्य शल्य चिकित्सा और हड्डी रोग से जुड़े सर्जिकल मामलों की पहचान कर उन्हें सिविल अस्पताल में ऑपरेशन के लिए रेफर करना होगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में एक अलग काउंटर भी स्थापित किया गया है, कैंप के दौरान सभी सर्जरी पखवाड़े के भीतर ही पूर्ण की जानी हैं। प्रत्येक दिन की गतिविधियों और किए गए ऑपरेशनों की रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से सिविल सर्जन कार्यालय और राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

### लेखक के अनुभव की विराटता और विविधता से ही रचना समृद्ध



**गाजियाबाद।** विख्यात लेखक से.रा. यात्री की पुण्यतिथि पर आयोजित 'कथा संवाद' को संबोधित करते हुए वरिष्ठ लेखक विवेक मिश्र ने कहा कि साठ से सत्तर का दशक नई कहानी की स्थापना का दौर था। स्वतंत्रता के बाद देश विकास की ओर अग्रसर था, जहां चिंतक और लेखक समय और परिवेश को अपनी तरह से दिशा देने का काम कर रहे थे। उस दौर में से. रा. यात्री और उनके समकालीन रचनाकारों ने समाज और साहित्य को अपनी-अपनी तरह से विकसित और समृद्ध किया।

वरिष्ठ लेखक विपिन जैन ने कहा कि मध्यम और निम्न मध्यवर्गीय जीवन के जिस यथार्थ को यात्री जी ने प्रस्तुत किया है वह साठोत्तरी पीढ़ी के कम ही रचनाकारों में दिखाई देता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में कि.मी. 0.00 से 3.25 (रोड आईडी 5306) में रोड को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी कृषि फार्म रोड (ढाणी पाल रोड) से रोड की विशेष मरम्मत (एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल) + 5 कार्य। | 14.11.2025 19.11.2025 | 29.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव शहजादपुर में बाल्मिकी चौपाल में विकास कार्य + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.11.2025 | 9.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव मुनक में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 3 कार्य। | 15.11.2025 25.11.2025 | 144.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव गंगा टेरी में इंडोर जिम हॉल के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन। | 14.11.2025 03.12.2025 | 20.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज हिसार | चुली खुर्द, आदमपुर - लाइब्रेरी के लिए कमरे का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 20 कार्य। | 14.11.2025 20.11.2025 | 253.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8397953040 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फतेहाबाद | धंधरा, ब्लॉक टोहाना 5023 में सामुदायिक केन्द्र का प्रवेश द्वार और स्टेज पर आयरन शैड तथा सामुदायिक केन्द्र के निकट लंगर हॉल और दुकानों के ऊपर लाइब्रेरी हॉल का निर्माण, एमपीएलएडीएस। | 14.11.2025 20.11.2025 | 34.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज ब्लॉक बोंद कलां | गांव अचीना में शमशान घाट में टिन शैड (100*20 फुट) का निर्माण + 4 कार्य। | 14.11.2025 21.11.2025 | 65.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | एचआरडीएफ - गांव रसूलपुर (जीपी उदयपुर) ब्लॉक अम्बाला-1 में फिरनी का निर्माण (पुनर्निविदा) + 1 कार्य। | 14.11.2025 20.11.2025 | 40.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज फतेहाबाद | (I) बोरा - कब्रिस्तान में शौचालय का निर्माण (II) बोरा - प्राथमिक विद्यालय में शौचालय का निर्माण, वीएएनजीवाई + 12 कार्य। | 12.11.2025 19.11.2025 | 78.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | ढाणी मेहंदा - गांव ढाणी मेहंदा जिला हिसार के लिए कैनाल आधारित स्वतंत्र जलघर का निर्माण। "जलघर चिराय में पम्पिंग मशीनरी, विद्युत पैनल, सीआई डीएफ/पीई स्पेशल्स की आपूर्ति व स्थापना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य" + 3 कार्य। | 14.11.2025 21.11.2025 | 36.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांव शिमली ब्लॉक रोहतक, जिला रोहतक में ग्रामीण तालाब "सरसोदी तालाब" का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.11.2025 | 118.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव मायना ब्लॉक व जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सैलाइन सॉइल का रिक्लेमेशन। | 11.11.2025 20.11.2025 | 109.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/40389/I/88/7 दि. 17.11.25

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **नितिन सुर्यावंशी, पताः** डब्ल्यू जेड–1080 बी, नांगल राया, दिल्ली, ने **FIR No.: 12294/2017, U/s: 138 NI Act, थानाः** रानी बाग, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **नितिन सुर्यावंशी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **नितिन सुर्यावंशी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 12294/2017, U/s: 138 NI Act, थानाः** रानी बाग, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **नितिन सुर्यावंशी,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा न. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14771/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 CrPC देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल राय पुत्र राम विनोद राय निवासी बी-402, पटेल चेस्ट, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली** ने एफआईआर सं./कोर्ट केस सं. **72/2016, दिनांक 12/03/2016 अंतर्गत धारा 354डी/506 आईपीसी, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल राय** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल राय** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. /कोर्ट केस सं. **72/2016, दिनांक 12/03/2016 अंतर्गत धारा 354डी/506 आईपीसी, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल राय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री मान्या**
एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट-02, जिला मध्य
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15356/N/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### स्कूल द्वारा तैयार मैगजीन का संपादन बच्चे करेंगे



**पटना।** जिले में स्थित सरकारी माध्यमिक स्कूलों के बच्चों के लिए रचनात्मक पहल की गई है। इसके माध्यम से बच्चों में किताबों को पढ़ने की आदत विकसित करने की कवायद शुरू कर दी है। जिले के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में वैचारिक व तार्किक समझ को विकसित करने के साथ ही किताबों के प्रति रुचि भी बढ़ाई जाएगी।

### वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**बरेली।** यहां वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वायुसेना के हेलीकॉप्टर एएलएच में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके बाद हेलीकॉप्टर को खेत में ही उतारना पड़ा। सूचना पर अधिकारी तकनीकी टीम के साथ आनन-फानन में मौके पर पहुंचे।

लखनऊ में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# जहां हर तीसरे दिन दंगा होता था, उसी राज्य ने दिया देश को कानून-व्यवस्था का मॉडल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पहले और आज के उत्तर प्रदेश की तुलना करते हुए कहा कि जहां हर तीसरे दिन दंगा होता था, बहन-बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज उसी प्रदेश ने देश को कानून-व्यवस्था का मॉडल दे दिया है। यह प्रयास से ही हो सकता है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पहले और आज के उत्तर प्रदेश की तुलना करते हुए कहा कि जहां हर तीसरे दिन दंगा होता था, बहन-बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज उसी प्रदेश ने देश को कानून-व्यवस्था का मॉडल दे दिया है। यह प्रयास से ही हो सकता है। आज हर त्योहार उमंग और उल्लास से मनाया जा रहा है। चाहें होली-दीवाली हो या ईद-बकरीद या फिर क्रिसमस। कानून का शासन ऐसे ही होता है।

बीबीडी विश्वविद्यालय में सोमवार को मेधावियों को पदक और उपाधि प्रदान करने के बाद योगी ने कहा कि दवा कड़वी तो लगती है, लेकिन परिणाम सुखद होता है। कानून-व्यवस्था के कारण ही प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। आठ वर्ष पहले इसी प्रदेश में पांच वर्षों में पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश भी नहीं मिलता था। उत्तर प्रदेश का देश की अर्थव्यवस्था में केवल आठ प्रतिशत का ही योगदान था। आज ईज ऑफ डूइंग में 14वें नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

**खास बातें**

- प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ
- ब्रह्मोस यूनिट स्थापित होने से यूपी को प्रतिवर्ष 300 से 500 करोड़ जीएसटी प्राप्त होगा



### यूपी में बने ड्रोन ने ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी भूमिका निभाई

सीएम योगी ने ऑपरेशन सिंदूर में यूपी के योगदान की भी प्रशंसा की। कहा, यहां के बने ड्रोन ने भी बड़ी भूमिका निभाई। जब ब्रह्मोस यूनिट की स्थापना की बात आई तब भूमि की चुनौती सबसे बड़ी थी, लेकिन हमने तय किया कि राजधानी में ही ब्रह्मोस के लिए मुफ्त में जगह देंगे। हमसे कहा गया कि इतनी बड़ी जमीन मुफ्त में कैसे दी जा सकती है, लेकिन मैंने तय कर लिया था। उस जमीन की उस वक्त बमुश्किल कीमत 200 करोड़ रही होगी, लेकिन ब्रह्मोस यूनिट स्थापित होने से उत्तर प्रदेश को प्रतिवर्ष 300 से 500 करोड़ रुपए जीएसटी प्राप्त होगा।

### मर्सिडीज से करते थे गमले चोरी, पकड़े जाते तो बेइज्जती होती

मुख्यमंत्री ने जी-20 रोड पर गमला चोरी की घटना का दृष्टांत सुनाते हुए सिविक सेंस का पालन करने की अपील की। कहा, मर्सिडीज के आगे गमले की क्या कीमत है, लेकिन लोग इस गाड़ी से गमले चोरी करके ले जा रहे थे। सीसीटीवी कैमरे में देखा गया। अगर उन्हें पकड़ा जाता तो शहर की बेज्जती होती। तब हमने कहा कि उन्हें बुलाकर सीसीटीवी फुटेज दिखा दो, ताकि वे समझ जाएं।

### यूपी एआई, डेटा सेंटर और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा सेंटर और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के हब के रूप में स्थापित है, लेकिन इस दिशा में संस्थानों को और काम करना होगा। तीन, छह महीने और एक वर्ष के कोर्स एआइ, ड्रोन टेक्नोलॉजी व रोबोटिक विषय में शुरू किए जाने चाहिए।

अध्यक्ष ने कहा-बिहार की बेटी की करेंगे मदद

# रोहिणी आचार्य मामले में महिला आयोग की एंट्री



एजेंसी ⏭ पटना

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिवार से उठकर यह विवाद अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। विभिन्न दलों के नेताओं ने इसे अनुचित बताया है। इस बहाने लालू परिवार पर हमला बोला है। इस बीच अब पारिवारिक विवाद पर राज्य महिला आयोग की नजर भी है। अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा ने इसे उत्पीड़न का मामला बताया है। उन्होंने कहा है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### रोहिणी का हुआ उत्पीड़न

मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष ने कहा कि कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें रोहिणी आचार्य ने अन्याय की बात कही है। ऐसे में यह पारिवारिक विवाद के साथ उत्पीड़न का मामला है। रोहिणी कह रही हैं कि उनका मायका छूट गया, सच में किसी महिला का मायका छूटना बेहद दर्दनाक होता है। रोहिणी के चेहरे पर दर्द साफ झलक रहा है। उनके पोस्ट, वीडियो सब जगह उनका दर्द दिख रहा है, लेकिन उनके परिवार को यह दर्द नहीं दिख रहा है।

### बिहार की बेटी की आंखों में नहीं हों आंसू

आयोग की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इन हालात में उनके परिवार से किसी का वक्तव्य जरूर सामने आना चाहिए था, स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में रोहिणी आचार्य कोई आवेदन करती हैं तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। बिहार की बेटी की आंखों में आंसू नहीं होना चाहिए। फलिहाल स्वतः संज्ञान लेने की जरूरत नहीं है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## पेज एक का शेष

### सऊदी अरब में ...

यह भी कहा रियाद स्थित भारत का दूतावास और जेद्दा में मौजूद हमारा वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ भी निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। उप-राष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने भी एक्स पर पोस्ट के जरिए इस दुखद सड़क हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने लिखा, इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### जेद्दा में स्थापित ....

00966122614093, 00966126614276 (व्हाट्सएप) शामिल हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब के हज व उमराह मंत्रालय के अलावा अन्य स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संबंधित उमराह ऑपरेटरों से भी संपर्क साधा गया है। देश के महावाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों, भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों की एक टीम अलग-अलग अस्पतालों और स्थलों पर मौजूद है। रियाद और जेद्दा में मौजूद हमारे दूतावासों के अधिकारी तेलंगाना सरकार के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। जिससे प्रभावित परिवारों के साथ समन्वय स्थापित किया जा सके।

### जयशंकर, रिजिजू ने ...

दुर्घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और परिवारों को पूरी तरह से सहायता प्रदान कर रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं घायलों के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी समान रूप से घटना पर अत्यंत दुख जताते हुए कहा कि हम अपने दूतावास के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। जो इस मामले पर अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। साथ ही हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। इस मुश्किल वक्त में, मैं शक्ति के लिए प्रार्थना करता हूं। पीड़ित परिवारों इन हेल्पलाइन नंबरों (8002440003, 0122614093, 0126614276 और 0556122301 (व्हाट्सएप) के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### 2013 में हुई ...

बांग्लादेश प्रत्यर्पण किए जाने की बहुत अधिक संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। क्योंकि संधि के हिसाब से हत्या जैसा गंभीर अपराध प्रत्यर्पण योग्य माना जाता है। जबकि राजनीतिक अपराधों के मामले में इसके तहत छूट दिए जाने की गुंजाइश बरकरार है। बांग्लादेश ने भारत को उक्त संधि के तहत ही प्रतिबंधित उल्फा के महासचिव अनूप चेतिया को प्रत्यर्पण के जरिए भारत को सौंपा था।

### हसीना बोलीं, राजनीति....

मुकदमा चलाया है। जबकि दूसरी ओर हिंसा के लिए जिम्मेदार राजनीतिक विरोधियों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा, मैं न्यायाधिकरण द्वारा लगाए गए मानवाधिकार हनन के अन्य तमाम आरोपों को निराधार मानती हूं और उन्हें सिरे से खारिज करती हूं।

### यूनुस की राजनीतिक ....

हिंसा से जूझ रहे आम नागरिकों पर इन नाटकीय मुकदमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस पूरी कवायद के जरिए उनका उद्देश्य केवल अवामी लीग को बलि का बकरा बनाना और अपनी विफलताओं से दुनिया का ध्यान भटकाना था। जिसमें वो कभी कामयाब नहीं होंगे।

### नीतीश 19 को देंगे ...

19 नवंबर को भंग मानी जाएगी। कैबिनेट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री तुरंत राजभवन पहुंचे और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से उमुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। इससे साफ हो गया है कि नई सरकार के गठन की सभी संवैधानिक प्रक्रियाएं 19 नवंबर के बाद ही शुरू होंगी। 19 नवंबर को नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफ़ा सौंपेंगे और माना जा रहा है कि उसके अगले ही दिन यानी 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण होगा। शपथ-ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 20 तारीख तक आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

### वैज्ञानिक सोचः नीति,...

2025 पिछले एक दशक में भारत में आए उल्लेखनीय बदलाव को प्रतिबिंबित करेगा, जहाँ वैज्ञानिक सोच अब केवल प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नीति, शासन और विकास रणनीतियों को दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुका है जहाँ अनुसंधान और नवाचार राष्ट्रीय विकास की दिशा निर्धारित करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में अब एक ऐसा उपजाऊ वातावरण मौजूद है जहाँ युवा शोधकर्ता, स्टार्टअप, उद्योग जगत के नेता और वैज्ञानिक संस्थान सामूहिक रूप से डीप-टेक विनिर्माण, अगली पीढ़ी की जैव प्रौद्योगिकी, क्वांटम अनुसंधान और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। आगामी महोत्सव पर चर्चा करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईआईएसएफ 2025 को विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव मंत्रालयों, विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, निजी नवप्रवर्तकों और छात्र समुदायों के एक जीवंत संगम के रूप में कार्य करेगा, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना और वैश्विक विज्ञान महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रतिबिंबित करेगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा में भाग लिया और मंत्री सिंह को महोत्सव के विषयगत खंडों में हुई प्रगति से अवगत कराया।

### मंत्री चौहान ने ...

को बीज क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 17 से 21 नवंबर तक आयोजित हो रहे एशियाई बीज कांग्रेस 2025 में कई ज्ञानपरक सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन आज एक कार्यशाला आयोजित की गई। बीज उत्पादकों को संबोधित करते हुए, कृषि मंत्री ने मोटे अनाज उत्पादन के क्षेत्र में शोध एवं विकास की और अधिक आवश्यकता बताई। उन्होंने निजी कंपनियों से सरकार के समक्ष अपनी समस्याएं रखने को कहा। उन्होंने कंपनियों से बाजार में नए बीज लाने में कम समय लगाने को कहा और इन बीजों के परीक्षण में लगने वाले समय में कमी लाने के प्रयास पर सहमति व्यक्त की। परीक्षण लागत अधिक होने की बात पर उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। खराब बीजों और इसके अवैध कारोबार में शामिल लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्होंने सरकार और निजी क्षेत्र से ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने को कहा।

चौहान ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और किसानों के लिए कृषि व्यवसाय लाभदायक बनाए रखना है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने, किसानों को उत्तम गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने और उत्पादन लागत में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने, आवश्यकतानुसार उन्हें मुआवजा देने और कृषि पद्धतियों के विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करने को उच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ( ईसीएआर) और विभिन्न सरकारी संस्थान, कुपोषण की गंभीर समस्या से निपटने के लिए जैव-फोर्टिफाइड फसलों के साथ ही जलवायु अनुकूल किस्में विकसित करने में लगे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उच्च गुणवत्तापूर्ण बीज विकसित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र का भी योगदान आवश्यक है। चौहान ने कहा कि अगर किसानों को ऐसे बीज उपलब्ध कराए जाएं जिन्हें हर साल बदलने की आवश्यकता न पड़े, तो कृषक समुदाय की एक बड़ी चिंता दूर हो जाएगी। उन्होंने कंपनियों को खराब गुणवत्ता वाले, बिना अंकुरण क्षमता वाले या बहुत कम अंकुरण क्षमता वाले बीजों की समस्या का समाधान करने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

### साथी दलों के ....

इंकार नहीं कर रहे कि महागठबंधन में टूट की आवाजें भी उठ रही हैं। वहीं राज्य के कुछ नेता खुद पार्टी नेतृत्व पर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि हार का ठीकरा सिर्फ विपक्षी गठबंधन में बांटना भागीदारी और जिम्मेदारी से मुकरना है। वोट चोरी पर लड़ाई जारी रखते हुए ये देखना होगा कि कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अल्लावरु समेत वक्त वक्त पर जिम्मेदारी निभाने जिन वरिष्ठ नेताओं को बिहार भेजा गया क्या उन्होंने उचित ढंग से जिम्मेदारी निभाई? विश्लेषकों और कांग्रेस के आंतरिक सूत्रों के मुताबिक, बिहार में कांग्रेस की यह हार कई कारणों के संयोजन का नतीजा है। इस चुनाव में कांग्रेस ने 60 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 6 सीटें जीत पाई। पार्टी का का वोट शेयर लगभग 8.71 फ़ीसदी रहा, जो बेहद निराशाजनक माना जा रहा है। नेताओं का मानना है, महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारा और रणनीति पर विचारों में असंतुलन रहा। एनडीए का अपेक्षाकृत बेहतर चुनाव प्रबंधन कांग्रेस की चुनौती को और कठिन बना दिया। वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस के लिए बिहार चुनाव सिर्फ एक हार नहीं, बल्कि संगठनात्मक और रणनीतिक पुनरावलोकन का बड़ा मोमेंट है। आज की हाई-प्रोफाइल बैठक यह तय करेगी कि पार्टी अपनी गलतियों से क्या सीखती है और आगे कैसे कदम बढ़ाती है!

### अतिरिक्त हरित ऊर्जा....

समिति के सदस्य, विद्युत मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री मनोहर लाल ने इस बात पर जोर दिया कि पीएसपी अतिरिक्त हरित ऊर्जा के भंडारण और गैर-सौर ऊर्जा घंटों के दौरान बिजली की माँग को पूरा करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पीएसपी जलाशयों से वाष्पीकरण हानि के मुद्दे पर, उन्होंने एक व्यवहार्य समाधान के रूप में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने समय पर स्थल आवंटन, जल आवंटन और शीघ्र मंजूरी के माध्यम से पीएसपी विकास को सुगम बनाने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वे पीएसपी के विकास में तेजी लाने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर हरित ऊर्जा उपकर, जल कर और जलाशय पट्टा शुल्क जैसे शुल्कों को वापस लेने पर विचार करें। समिति के सदस्यों को बताया गया कि लगभग 224 गीगावाट की राष्ट्रव्यापी पीएसपी क्षमता की पहचान की गई है। इनमें से, लगभग 7 गीगावाट की कुल क्षमता वाले दस पीएसपी चालू हो चुके हैं, लगभग 12 गीगावाट क्षमता वाले दस अन्य पीएसपी निर्माणाधीन हैं और लगभग 78 गीगावाट क्षमता वाली 56 पीएसपी परियोजनाएं योजना और विकास के विभिन्न चरणों में हैं।

### 88 घंटे में ....

करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अगर पाकिस्तान हमें दोबारा से कोई मौका देता है तो हम उसे सिखा देंगे कि कैसे जिम्मेदारी के साथ अपने एक पड़ोसी देश के साथ बर्ताव किया जाता है? यह जानकारी जनरल द्विवेदी ने 17 नवंबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में इस महीने के अंत में होने वाले चाणक्य रक्षा संवाद-25 नामक कार्यक्रम के पूर्व में आयोजित किए गए एक प्रश्नोत्तरी संवाद सत्र के दौरान दी है।

कश्मीर में घटी आतंकी घटनाएंः सेनाप्रमुख ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति को लेकर कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में धारा-370 की समाप्ति के बाद से आतंकवादी घटनाओं में कमी देखने को मिली है। इसके बाद से एक प्रकार से राजनीतिक स्पष्टता भी देखने को मिली है। मौजूदा साल में दो दर्जन से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है।

चीन संग संबंधों में सुधारः भारत और चीन संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर महीने से दोनों देशों के संबंधों में सुधार देखने को मिल रहा है। यह एक प्रकार से लंबे समय से संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के समान है। दोनों पक्षों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर जारी निरंतर संवाद का परिणाम है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच बीते 12 महीने में कुल करीब 1100 बार जमीनी स्तर पर बातचीत हुई है। जिसका बेहद सार्थक परिणाम निकला है। 1100 बार बातचीत का अर्थ यह है कि प्रत्येक दिन करीब तीन बार दोनों पक्षों के बीच संवाद हुआ है। संबंधों में सुधार का श्रेय सेनाप्रमुख ने दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व को दिया है। हमारी बातचीत भी राजनीतिक नेतृत्व के साथ जारी रही। उनका ये मानना है कि एलएसी पर स्थिति को हम जितना सामान्य करेंगे। उतना ही दोनों देशों के लिए अच्छा रहेगा। सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया काफी हद तक पूरी हो चुकी है। जब सीमा रेखा तय हो जाएगी। जिसका आगामी वक्त में बातचीत की कवायद में काफी लाभ मिलेगा।

### केवल सेना के ....

पड़ेगा। मौजूदा वक्त में हम यह भी नहीं बता सकते हैं कि लड़ाई कितनी लंबी चलेगी। इस बार हम 88 घंटों तक लड़े। हो सकता है कि अगली बार चार महीने या फिर चार साल तक युद्ध चले। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए हमारे पास दुश्मन से दो-दो हाथ करने के लिए पर्याप्त संख्या में हथियार और रसद से जुड़ी हुई अन्य जरूरी सप्लाई होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो हमें उसके लिए तैयारी करने की आवश्यकता है।

### सैन्य अभियान से ....

हम उनसे सीखते हैं। इस समय भी ऐसा ही हुआ है और हमने सीख ली है। जिसमें कम समय में कोई भी निर्णय लेना और सभी स्तरों पर समयबद्ध रूप से निर्णय लेना शामिल है।

### राज्य प्रायोजित...

कार्यवाही करने के लिए तैयार हैं। जहां तक न्यू नॉर्मल का सवाल है तो भारत ने पहले ही साफ कर दिया है कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। हमारा देश एक शांतिपूर्ण प्रक्रिया के पक्ष में है। जिसे लेकर हम पूरा सहयोग करेंगे। लेकिन इस प्रक्रिया के स्थापित होने तक हम आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को सबक सिखाते रहेंगे।

बेटे अब्दुल्ला आजम भी साथ गए

# दो पैनकार्ड मामले में आजम खान 8 हफ्ते के अंदर दोबारा जेल पहुंचे

एजेंसी ⏭ लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान 8 हफ्ते के अंदर दोबारा जेल भेज दिए गए हैं। बेटे अब्दुल्ला आजम भी जेल गए हैं। सोमवार दोपहर अदालत ने उन्हें और उनके बेटे व पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पैनकार्ड रखने के मामले में दोषी ठहराते हुए सात वर्ष कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दोनों को रामपुर जेल में लाया गया है। दरअसल, रामपुर भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें आरोप था कि उन्होंने अपनी उम्र और पहचान से संबंधित दस्तावेजों में हेरफेर किया। जांच के दौरान आज़म खान की भूमिका भी सामने आई, जिसके बाद दोनों पर मुकदमा चलाया गया। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सोमवार दोपहर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि दोनों आरोपियों पर लगे आरोप साबित हुए हैं। कोर्ट ने दोनों को सात साल की कठोर कैद और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# बिहार में प्रोटेम स्पीकर बनने की रेस में 10 बार के विधायक हरिनारायण सिंह

एजेंसी ⏭ पटना

विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर का पैनल तैयार हो रहा है। आठ बार से अधिक कार्यकाल वाले विधायकों का नाम इसमें शामिल होगा। हरनौत के जदयू विधायक हरिनारायण सिंह का कार्यकाल सबसे अधिक है। वे छह बार चंडी और चार बार हरनौत से विधायक चुने गए हैं। उनकी उम्र 84 वर्ष है। वे उम्र भी सभी विधायकों से बड़े हैं। कार्यकाल के लिहाज से नौंवी बार निर्वाचित होने वाले दो विधायक हैं-जदयू के बिजेंद्र प्रसाद यादव और भाजपा के प्रेम कुमार। आठवीं बार विधायक बने भाजपा के राघवेंद्र प्रता सिंह का नाम भी इस पैनल में शामिल हो सकता है। प्रोटेम स्पीकर की जवाबदेही नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने की होती है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार



"मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूँ जो हमारे समाज से नशे की बुराई को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। जीवन बचाने के लिए ऐसा हर प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, नशा अपने साथ अंधकार, विनाश और बर्बादी लेकर आता है।"
–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत
नशा मुक्त भारत अभियान

इस अभियान में बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे एक जन आंदोलन बनाएं और जीवन बचाने के लिए नशा मुक्ति का नेक संदेश फैलाएं

नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बनें और आज ही QR कोड स्कैन करके शपथ लें!




गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. वीरेन्द्र कुमार
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार

18 नवंबर 2025 | प्रात: 11:30 बजे
स्थान: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब

CBC38101/13/0035/2526

हमें कॉल करें 14446 और प्रशिक्षित परामर्शदाताओं से सहायता प्राप्त करें(24X7)

अधिक जानने के लिए लॉग ऑन करें
https://socialjustice.gov.in/
और
https://nmba.dosje.gov.in/

सोशल मीडिया पर फ़ॉलो करें
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

नई दिल्ली, मंगलवार
18 नवंबर 2025

हरिभूमि

# सहेली



एआई इमेज

# सोशल बनिए-हैप्पी रहिए
# लंबी उम्र भी पाइए

आज जिसको देखो वही एक अकेलापन महसूस करता है। इसके पीछे आधुनिक जीवनशैली के साथ व्यक्ति का अपना स्वभाव बहुत मायने रखता है। हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं, जबकि शोध बताते हैं, व्यक्ति को सोशल जरूर होना चाहिए, फैमिली मेंबर्स ही नहीं, फ्रेंड्स, रिलेटिव्स से हमेशा जुड़े रहना चाहिए, यह तन-मन के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बात पर दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक बहुत बल देते हैं।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

आज के समय में अकेलापन एक बढ़ती हुई चिंता का विषय बन गया है। कहने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भले ही आपके हजारों फॉलोअर्स और फ्रेंड्स हों, लेकिन रियल लाइफ के सोशल सर्किल और फ्रेंड्स के बिना किसी भी व्यक्ति की जिंदगी अधूरी है। क्योंकि वर्चुअल फ्रेंड कभी काम नहीं आते, हर अच्छे-बुरे समय में हमेशा नजदीकी स्नेही स्वजन ही काम आते हैं। मनोवैज्ञानिक भी मान चुके हैं, जीवन में जिंदादिल लोगों और दोस्तों का होना बेहद जरूरी है। लंबी आयु और शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा सामाजिक दायरा और दोस्त बेहद जरूरी हैं। कई अध्ययन हो चुके हैं, जिनमें बताया गया है कि सामाजिक रूप से सक्रिय रहने वाले और मेल-जोल रखने वाले लोग हमेशा प्रसन्न, सफल और स्वस्थ रहते हैं, साथ ही ऐसे लोगों की उम्र भी लंबी होती है।



**थोड़ा-सा मेल-जोल भी लाभकारी:** सवाल यह है कि लंबे समय तक जीने के लिए कितना सामाजिक होना चाहिए। इसके लिए आपको यह समझना होगा, अपने जरूरी काम-काज छोड़कर आपको दोस्तों या समाज के बीच नहीं घूमना है। बहुत ज्यादा नहीं, बस थोड़ा-सा सोशल होना फायदेमंद है। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक बड़े चीनी अध्ययन से इस तथ्य की पुष्टि होती है। वैज्ञानिकों ने 28,000 से अधिक लोगों (औसत आयु 89) के स्वास्थ्य, जीवनशैली की आदतों और सामाजिक गतिविधि का मूल्यांकन किया, जिनके जीवित रहने पर औसतन पांच साल या मृत्यु तक नजर रखी गई थी। पहले पांच वर्षों के भीतर, जितना अधिक लोग सामाजिक थे, वे उतने ही लंबे समय तक जीवित रहे। उक्त समूहों में से प्रत्येक, अपने से पहले वाले से अधिक समय तक जीवित रहा, जो कभी-कभार मासिक, साप्ताहिक या हर दिन सामाजिक होते थे। इनमें से किसी भी समूह के लोग उन लोगों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे, जो बिल्कुल भी सामाजिक नहीं थे। लेकिन हम जानते हैं कि सामाजिकता के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं, जिनमें अकेलापन, अलगाव, डिमेंशिया और दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम का कम होना भी शामिल है। इसलिए अपनी सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे किसी दोस्त को नियमित फोन करना या उसके साथ मिलना-जुलना।

**बहुत खतरनाक है सामाजिक अलगाव:** वैज्ञानिकों का कहना है कि आप चाहे जितना पौष्टिक भोजन लें, लेकिन अकेले और उदास रहते हैं तो आपको सिर्फ अच्छे खान-पान का ज्यादा फायदा नहीं होने वाला। शोध में पाया गया है कि सामाजिक अलगाव के प्रभाव स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। अकेलेपन के नकारात्मक प्रभाव, प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने जितना हानिकारक हो सकते हैं। इससे हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अकेलेपन के लक्षण हमें कोशिकीय स्तर तक भी प्रभावित कर सकते हैं। अकेलापन भावनात्मक तनाव को बढ़ा सकता है, जो हमारी कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में प्रकट होता है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव, हमारे माइटोकॉन्ड्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे माइटोकॉन्ड्रियल डिसफंक्शन हो सकता है। इससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है और उम्र से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि केवल सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने और बनाए रखने से स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है, इससे जीवनकाल बढ़ सकता है। इसके लिए ग्रुप एक्टिविटीज में भाग लेना, ऑनलाइन सोशल सर्किल की खोज करना, आजीवन सीखना और वॉलंटियरिंग करना सक्रिय सामाजिक जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। सामाजिक संबंध और मानसिक स्वास्थ्य भी आपस में जुड़े हुए हैं। अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सबब बन जाता है, जिनमें अवसाद, चिंता और संज्ञानात्मक गिरावट शामिल है।

**जीवन भर खुश रखते हैं करीबी रिश्ते:** हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि हमारे रिश्ते और हम उनमें कितने खुश हैं, इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पैसे या शोहरत से ज्यादा करीबी रिश्ते ही जीवनभर खुश रखते हैं। ये रिश्ते लोगों को जीवन में असंतोष से बचाते हैं, मानसिक और शारीरिक गिरावट को टालने में मदद करते हैं। लोगों से रिश्ते, सामाजिक वर्ग और जीन (वंशानुगत गुणों) की तुलना में भी लंबे और खुशहाल जीवन के बेहतर संकेतक हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि सुखी और समृद्ध जीवन का, परिवार, दोस्तों और सामाजिक संबंधों के साथ एक मजबूत नाता है। यह भी पाया गया कि लोगों के अपने रिश्तों से संतुष्टि का स्तर उनके कोलेस्ट्रॉल के स्तर की तुलना में शारीरिक स्वास्थ्य का एक बेहतर पैमाना होता है।

**इम्यून सिस्टम अधिक मजबूत रहता है:** स्वस्थ, दीर्घायु और खुश रहने के लिए अच्छी नींद, व्यायाम, सही भोजन तो जरूरी है ही, साथ ही समग्र स्वास्थ्य यानी हमारी वेल बीइंग के लिए मानव संपर्क बहुत जरूरी हैं। शोध बताते हैं, दूसरों से जुड़ा हुआ महसूस करने वालों का इम्यून सिस्टम बाकी लोगों की तुलना में अधिक मजबूत रहता है। लेकिन यह जुड़ाव वर्चुअल नहीं रियल होना चाहिए। वैज्ञानिक कहते हैं, चाहे हम खेल रहे हों, खा-पी रहे हों, बात कर रहे हों या प्रियजनों के साथ हंस रहे हों, हम जो संपर्क महसूस करते हैं, वो हमारी जागरूकता को मजबूती से वर्तमान में स्थापित करता है, जबकि अकेले होने पर हम चिंता करते रहते हैं। इसलिए अधिक अकेले समय बिताने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि मिलते-जुलते रहने से खुशी का स्तर बढ़ता है।

**सामाजिक फिटनेस मूड बूस्टर:** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा 85 वर्ष तक एक शोध किया गया। इसमें किशोरावस्था से बुढ़ापे तक के लोग शामिल किए गए। देखा गया कि मजबूत और अच्छे संबंधों वाले लोग, उनके मुकाबले ज्यादा खुश, स्वस्थ और लंबे समय तक जिए, जिनके पास ऐसे संबंध नहीं थे।



### फ्रेंड्स साथ होने के फायदे

**टेंशन से बचाएं:** दोस्तों के साथ वक्त बिताने और हंसी-मजाक करने से स्ट्रेस कम होता है और मूड अच्छा रहता है, यह कई शोध के नतीजों में सामने आ चुका है।

**सफलता दिलाएं:** अपने प्रोफेशनल फील्ड में मित्रों का होना सफलता को आसान और जल्दी संभव कर सकता है। जब आप कुछ करती हैं और आपके मित्रों द्वारा प्रशंसा, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन मिलता है तो आपकी राह आसान हो जाती है।

**बैड हैबिट्स छुड़ाएं:** मित्र अच्छे हों तो आपको कई बुरी आदतों से बचा सकते हैं। मित्र ही बिंदास होकर पूरे हक से आपको बुरी आदतों के बारे में बता सकते हैं।

**अकेलेपन से बचाएं:** अकेलेपन से मित्र ही मुक्ति दिला सकते हैं। उनसे बातचीत करके न सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताया जा सकता है बल्कि मूड भी सही रखा जा सकता है।

## मजबूत रिलेशन-बॉन्डिंग के लिए
## समझें पुरुषों की भावनात्मक जरूरतें

आम धारणा यही है कि महिलाएं, पुरुषों से अधिक इमोशनल होती हैं। इसका यह मतलब नहीं, पुरुषों की कोई भावनात्मक जरूरत नहीं होती। सच तो यह है, रिश्ता कोई भी हो पुरुषों से मजबूत बॉन्डिंग के लिए आपको उनकी इमोशनल जरूरतों को समझना चाहिए।

रिलेशनशिप

**अंजू जैन**



अकसर पुरुषों के मन में ये सवाल उठते रहते हैं कि कोई हमारे मन की थाह क्यों नहीं लेता? हमारे शरीर में कोई दिल नहीं धड़कता क्या? क्या हमारी कोई भावनाएं नहीं हैं? कोई क्यों नहीं समझता कि हमें भी एक इमोशनल सपोर्ट चाहिए होता है? असल में पुरुषों की भी कुछ भावनात्मक जरूरतें होती हैं, जिन पर कोई बात ही नहीं करना चाहता। विश्व पुरुष दिवस (19 नवंबर) के अवसर पर आपको बता रहे हैं बेहतर रिलेशन के लिए पुरुषों को इमोशनल सपोर्ट देना कितना इंपॉर्टेंट होता है?

**पुरुषों को भी तारीफ चाहिए:** पुरुषों को अकसर टेकेन फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। कई महिलाएं मानती हैं कि घर का सामान लाना, कोई भी झंझट, विवाद हो उससे निपटना, जॉब कर घर खर्च चलाना तो उनका कर्तव्य है, इसके लिए उनकी क्या प्रशंसा की जाए? वे एक्स्ट्रा वर्क करके, अपनी जरूरतों को कम करके, त्याग करके भी कुछ करते हैं तो कई मामलों में पत्नी या बच्चे उनको थैंक यू तक बोलना जरूरी नहीं समझते, क्योंकि यह मान लिया गया है कि ये तो उनका फर्ज है। यह कभी न भूलें कि भले ही पुरुष इन्हें अपनी जिम्मेदारी और फर्ज समझकर पूरा करते हैं, फिर भी उनके दिल में चाह रहती है कि कोई उनके लिए तारीफ के दो शब्द अवश्य कहे। जब आप समय-समय पर अपने पुरुष साथी की तारीफ करती हैं, तो इससे उन्हें बहुत दिली सुकून मिलता है।

**पुरुषों के शौक में रुचि दिखाएं:** महिलाओं को सजने-संवरने का, मूवी देखने या घूमने फिरने का शौक होता है, यह सब मान लेते हैं। लेकिन पुरुषों के ऐसे किसी शौक में दिलचस्पी लेने को सहज नहीं माना जाता है। उन्हें अकसर परिवार में टोक दिया जाता है कि अरे ये सब छोड़ो परिवार संभालो या ज्यादा इनकम पर ध्यान दो। अच्छी लाइफ के लिए पुरुषों को भी अपने परिवार और जीवनसाथी से शौक पूरे करने का समर्थन मिलना चाहिए।

**उनकी बातें ध्यान से सुनें:** बाहर से भले ही पुरुष खुद को मजबूत दिखाएं लेकिन वे भी चाहते हैं कि कोई उनके मन की थाह ले। वे अपनी भावनाएं, तकलीफ, समस्याएं किसी के साथ साझा करना चाहते हैं। उनको भी सहानुभूति के बोल चाहिए होते हैं और किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जो कह सके कि 'डोंट वरी बी हैप्पी, मैं हूं न।' सुनने का प्रभावी तरीका यह है कि जब वह बोल रहे हों तो आप तब तक खुद को टिप्पणी करने या बोलने से रोक सकती हैं, जब तक वह पूरी बात बोल न लें। बीच में उन्हें न टोकें। इससे उन्हें लगेगा कि आप उनकी बातों को महत्व देती हैं।

**आत्मीय स्पर्श भी है कारगर:** मैथ्यू हसी की पुस्तक 'गेट द गाइ' में वास्तविक और अच्छे पुरुष को खोजने और उसे खुशहाल बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। पुस्तक में कहा गया है कि अधिकांश स्त्रियां हमेशा यही सोचती हैं कि प्यार और स्नेह पर उनका ही हक है। जबकि शारीरिक स्पर्श जैसे गले लगाना, हाथ पकड़ना आदि पुरुषों के लिए भी भावनात्मक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। इस तरह का प्यार भरा स्पर्श ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन को स्त्रावित करता है, जो जुड़ाव की भावना पैदा करता है।

### उन्हें भी समर्पण चाहिए

**अकसर महिलाएं**, पुरुषों पर बेवफा होने के आरोप लगाती हैं, लेकिन सभी पुरुष या स्त्री एक जैसे नहीं होते। अपने परिवार और रिश्तों से जुड़ा हुआ पुरुष सदैव अपने परिवार और साथी के प्रति विश्वसनीय और प्रतिबद्ध होता है। ऐसे में वह भी अपने नजदीकी लोगों से समर्पण और प्रतिबद्धता चाहता है। किसी पुरुष की भावनात्मक जरूरतों से जुड़ने का एक तरीका है यह भी है कि आपको पुरुष को यह दिखाना होगा कि उसके प्रति आप भी विश्वसनीय हैं। वाई जोएल वोंग और आरोन बी. रोचलेन ने एक शोध अध्ययन के आधार पर 'डेमिस्टिफाइंग मेंस इमोशनल बिहेवियर' नामक पुस्तक में लिखा है कि अच्छी बॉन्डिंग के लिए महिलाओं को अपने पुरुष साथी की भावनात्मक जरूरतों के बारे में अवश्य जानना चाहिए। यह किताब पुरुषों के भावनात्मक व्यवहार पर प्रकाश डालती है।

आमतौर पर पैरेंट्स यही सोचते हैं कि बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए डांटना और मारना जरूरी है, जबकि बच्चे उनके प्यार से समझाने पर आसानी से उनकी बातें मान सकते हैं।

## बच्चे डांटने-मारने से नहीं
## प्यार से समझाने पर सीखते हैं सब कुछ

बच्चे और आप

**नीलम अरोड़ा**



बच्चों को कुछ सिखाने के लिए उन्हें डांटने, मारने का तरीका अब पुराना हो चुका है। पुरानी पीढ़ी के पैरेंट्स की यही सोच थी कि बच्चों को सिखाने के लिए उन्हें डांटना, मारना जरूरी है। उस दौर के पिताओं का तो मानना ही था कि बच्चे में माता- पिता का डर होना चाहिए। उनके इस डर के चलते ही वो कोई भी गलत काम करने से पहले एक-दो बार नहीं, बार-बार सोचेंगे। बच्चों को अनुशासन सिखाना हर पैरेंट्स की जिम्मेदारी है। उनको अनुशासन सिखाने के लिए प्यार और पॉजिटिव तरीके से भी अच्छी आदतें डाली जा सकती हैं, क्योंकि जब उन्हें चीजों को प्यार से समझाया जाता है, बिना जबर्दस्ती के तो बच्चों को सही और गलत का अंतर पता चलने लगता है। इससे वे अपने लिए सही रास्ता चुनने की क्षमता अपने भीतर विकसित कर लेते हैं। बच्चों को बिना डांट-फटकार के कैसे अनुशासित बनाएं, जानिए-



**तारीफ करें:** बच्चे को बहुत प्यार से अपने काम करने के लिए आसानी से प्रेरित किया जा सकता है। यदि वह कोई अच्छा काम करता है, समय से अपना होमवर्क करता है, स्कूल से आने के बाद अपना बैग, अपने जूते सही जगह पर रखता है, अपनी यूनिफॉर्म उतारकर हाथ-मुंह धोकर खाना-खाना जैसे दैनिक जीवन के काम अगर वह अपने आप अच्छी तरह करता है तो उसके लिए उसकी पीठ थपथपाएं और उसकी तारीफ करें। क्योंकि तारीफ के छोटे-छोटे शब्द भी बच्चों को अनुशासन सिखाने के लिए मोटिवेट करते हैं। उन्हें जब मां से प्यार और सराहना मिलती है, तो वे बार-बार उसी व्यवहार को दोहराते हैं।

**निर्णय लेने की क्षमता विकसित करें:** अकसर बच्चे अपने पैरेंट्स की कही बात को नहीं मानते। यदि आप उसे किसी बात को करने के लिए कहती हैं तो वह इस ओर ध्यान नहीं देता है। बच्चों के साथ जबर्दस्ती करने के बजाय, उसे उसका निर्णय खुद लेने की छूट दें, जिससे वह एक बार वैसा नहीं करता, जैसा आप कहते हैं, तो जब उसको इसके उल्टे नतीजे मिलते हैं, तो उसमें उस चीज को समझने की अपने विवेक से जो क्षमता आती है, वह उसके लिए बेहद जरूरी है। यानी बच्चे जब अपने फैसलों से कुछ सीखते हैं तो वह सीख उन्हें ताउम्र काम आती है।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** अगर बच्चा बार-बार कोई गलती करता है तो उसे उसके हाल पर छोड़ने के बजाय वह ऐसा क्यों कर रहा है, इस बात की तह तक जाना जरूरी है। अगर आपका बच्चा बार-बार ऐसा करता है तो उसे डांटने की बजाय उस सिचुएशन को समझदारी से हैंडल करें। उसे प्यार से अपने पास बिठाएं, उससे बात करें, इससे वह इमोशंस को समझता है और साथ में जब उसे आपमें भी पॉजिटिव सपोर्ट करने की बात दिखाई देती है, तो उसे खुद ब खुद सही और गलत में अंतर समझ में आ जाता है।

**बच्चे का ध्यान बटाएं:** अगर बच्चा लगातार शरारतें करता है, तो उसका ध्यान उन शरारतों से हटाकर उसकी क्रिएटिविटी को डेवलप करने में लगाएं। आप उसे डायवर्ट करके क्रिएटिविटी का ऑप्शन दे सकती हैं, इस तरह आपके बच्चे को नेगेटिव बिहेवियर से हटाकर पॉजिटिव एक्टिविटी की तरफ ले जाया जा सकता है।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

## बदलते मौसम में जरूरी बालों की पूरी देखभाल

बदलते मौसम का असर शरीर के साथ-साथ हमारे बालों की सेहत पर भी दिखाई देता है। हवा में नमी के उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव के कारण बाल कमजोर, रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में बाल झड़ने और टूटने जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे मे कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर आप अपने बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बना सकती हैं।

**नियमित करें ऑयल मसाज:** बदलते मौसम में बालों में पोषक तत्व कम होने लगते हैं। इससे बाल ड्राई और वीक होने लगते हैं। ऐसे में हफ्ते में एक या दो बार नारियल, बादाम या आंवला के तेल को हल्का गर्म करके उससे सिर की मालिश करें। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है।



**कंडीशनर का यूज करें:** हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। हर बार शैंपू के बाद कंडीशनर जरूर लगाएं। कंडीशनर बालों में नमी बनाए रखता है, उन्हें मुलायम करता है और उलझने से रोकता है।

**डाइट का ध्यान रखें:** बालों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में प्रोटीन, विटामिन-ई, आयरन और ओमेगा-3 युक्त चीजें शामिल करें। जैसे- अंडे, दालें, नट्स, हरी सब्जियां। जंक फूड और बहुत अधिक तली-भुनी चीजों से दूरी रखें।

**गुनगुने पानी से ही बाल धोएं:** ज्यादा गरम पानी बालों की प्राकृतिक नमी को कम कर देता है। इसलिए बाल धोते समय हमेशा गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। साथ ही शैंपू के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें।

**गीले बालों में कंघी न करें:** गीले बाल बहुत नाजुक हो जाते हैं, इसलिए गीले बालों में कंघी करने से वे ज्यादा टूटने लगते हैं। बालों को थोड़ा सूखने के बाद ही उन पर कंघी का इस्तेमाल करें।

**हीटिंग टूल्स का कम इस्तेमाल करें:** हेयर ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लर जैसे हीटिंग टूल्स बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। बदलते मौसम में जब बाल पहले से ही कमजोर होते हैं, ऐसे में हीटिंग टूल्स का उपयोग करने से बचना चाहिए। ये बालों को और भी ज्यादा ड्राय कर देते हैं।

**हेयर मास्क जरूर लगाएं:** हेयर मास्क बालों को मजबूत और शाइनी बनाते हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ अंतराल पर हेयर मास्क जरूर लगाएं। हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार करें। इसे स्कैल्प और बालों की जड़ों में लगाएं, 30-40 मिनट बाद बालों को धो लें। यह हेयरफाल को कम करने और बालों को मजबूत बनाने में लाभदायक साबित होता है।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. निधि सहाई**
**हेड-डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन**
**मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल एनसीआर**

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और इंफेक्शंस से बचाव के लिए, हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्या खाएं, कब और कैसे खाएं, यह जानना आवश्यक है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

## इंफेक्शन से होगा बचाव
## ऐसे करें इम्यूनिटी बूस्ट

मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल बुखार और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इसका मुख्य कारण है कमजोर इम्यूनिटी यानी शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता होता है। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत हो तो ये बीमारियां आसानी से शरीर को प्रभावित नहीं कर पाती हैं। ऐसे में अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डाइट में कुछ बदलाव कर बॉडी इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं।

**विटामिन-सी युक्त फल:** विटामिन-सी, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण तत्व होता है। यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स को बढ़ाता है और विभिन्न तरह के संक्रमणों से बचाव करता है। विटामिन-सी की जरूरत को पूरा करने के लिए आंवला, संतरा, मौसंबी, नीबू, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, पपीता खाना चाहिए।

**सजेशन:** रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाना इम्यूनिटी बढ़ाने का आसान और असरदार तरीका है।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी, सरसों का साग, ब्रोकली और चौलाई जैसी हरी सब्जियों में विटामिन-ए, बी, आयरन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये शरीर को डिटॉक्स करने के साथ संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं।

**सजेशन:** इन सब्जियों को सूप या स्टर-फ्राई के रूप में शामिल करें, ताकि पोषक तत्व अधिक समय तक सुरक्षित रहें।

**लहसुन-अदरक:** लहसुन और अदरक में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण से बचाते हैं।

**सजेशन:** सुबह गुनगुने पानी में थोड़ा अदरक उबालकर पिएं और भोजन में लहसुन का प्रयोग बढ़ाएं।



**प्रोटीन रिच प्रोडक्ट्स:** प्रोटीन शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है और एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। ये रोगों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजेशन:** अंडा, दालें, चना, राजमा, सोया, पनीर और दही का सेवन करें। हर मील में प्रोटीन का एक स्त्रोत जरूर शामिल करें।

**दही और छाछ:** दही और छाछ में पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स आंतों को स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ आंतें, मजबूत इम्यून सिस्टम की पहचान हैं।

**सजेशन:** लंच में एक कटोरी दही या एक गिलास छाछ शामिल करें।

**मिलेट्स और साबुत अनाज:** बाजरा, ज्वार, रागी और जौ जैसे अनाज फाइबर, आयरन और जिंक से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं और शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखते हैं।

**हर्बल चाय या काढ़ा:** तुलसी, दालचीनी, अदरक, काली मिर्च और शहद से बनी हर्बल चाय शरीर को अंदर से गर्म रखती है और संक्रमण से बचाव करती है।

**सजेशन:** बदलते मौसम में दिन में कम से कम एक बार हर्बल टी या काढ़ा अवश्य पिएं।

**पानी पर्याप्त मात्रा में:** पानी की कमी से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। गुनगुना पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं।

**ध्यान रखें:** संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और तनाव को नियंत्रित रखकर आप खुद को फिट रख सकती हैं।

**प्रस्तुति: निकिता चौहान**

सत्यमेव जयते
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग
दिल्ली सरकार

सत्यमेव जयते
Ministry of Culture
Government of India

# दिल्ली सरकार

द्वारा

## दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से आयोजित

# श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी

और उनके साथ शहीद हुए अनिन गुरुसिक्खों भाई मती दास जी, भाई सती दास जी एवं भाई दयाला जी की पवित्र शहादत के 350वें वर्ष की स्मृति में

# विशेष गुरमत समागम

## 23 से 25 नवम्बर 2025
## लाल किला मैदान दिल्ली

### समागम के मुख्य बिंदु

- विशाल कीर्तन दरबार
- श्री गुरु तेग बहादर जी की जीवनी पर लाइट एंड साउंड शो
- श्री गुरु तेग बहादर जी संग्रहालय
- संगतों के लिए टेंट सिटी एवं लंगर सेवा



नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

गुरु घर के सेवक

**रेखा गुप्ता**
माननीया मुख्यमंत्री, दिल्ली

**कपिल मिश्रा**
माननीय कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार

**मनजिंदर सिंह सिरसा**
माननीय कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार

**हरमीत सिंह कालका**
अध्यक्ष, DSGMC

**जगदीप सिंह काहलों**
महासचिव, DSGMC



रेखा गुप्ता
माननीया मुख्यमंत्री, दिल्ली

DIP/Shabdarth/Display/085/25-26

### रविवार, 23 नवम्बर 2025

कार्यक्रम (शाम)

| | | |
|---|---|---|
| 5:45 से 6:25 बजे | पाठ | श्री रहरासि साहिब |
| 6:25 से 7:30 बजे | कीर्तन | भाई कुलविंदर सिंह जी खरड़ |
| 7:30 से 8:00 बजे | कीर्तन | भाई परमिंदर सिंह जी ऑस्ट्रेलिया |
| 8:00 से 8:45 बजे | कीर्तन | भाई चमनजीत सिंह जी दिल्ली |
| 8:45 से 9:30 बजे | कीर्तन | भाई शुभदीप सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 9:30 से 10:30 बजे | कीर्तन | भाई कारज सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 10:30 से 11:30 बजे | कीर्तन | भाई अनंतवीर सिंह जी यू.एस.ए |

उपरांत अरदास एवं समापन

### सोमवार, 24 नवम्बर 2025

कार्यक्रम (शाम)

| | | |
|---|---|---|
| 5:45 से 6:25 बजे | पाठ | श्री रहरासि साहिब |
| 6:25 से 7:00 बजे | कीर्तन | 350 विद्यार्थी<br>समस्त गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल |
| 7:00 से 7:40 बजे | कीर्तन | भाई कारज सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 7:40 से 8:20 बजे | कीर्तन | भाई तरनवीर सिंह जी रब्बी |
| 8:20 से 9:00 बजे | कीर्तन | भाई ओंकार सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 9:00 से 9:40 बजे | कीर्तन | भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब |
| 9:40 से 10:10 बजे | | पंथक विचारां |
| 10:10 से 10:50 बजे | कीर्तन | भाई हरजिंदर सिंह जी श्रीनगर |
| 10:50 से 11:30 बजे | कीर्तन | भाई अनंतवीर सिंह जी यू.एस.ए. |

उपरांत अरदास एवं समापन

### मंगलवार, 25 नवम्बर 2025

कार्यक्रम (शाम)

| | | |
|---|---|---|
| 4:15 से 4:45 बजे | कथा | भाई सुखजीत सिंह जी कन्हैया |
| 4:45 से 5:45 बजे | संपूर्णता | सहज पाठ साहिब |
| 5:45 से 6:25 बजे | पाठ | श्री रहरासि साहिब |
| 6:25 से 7:00 बजे | कीर्तन | 350 बीबीयां<br>समस्त सत्री सतिसंग सभा |
| 7:00 से 7:40 बजे | कीर्तन | भाई गुरमीत सिंह जी शांत<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 7:40 से 8:20 बजे | कीर्तन | भाई शुभदीप सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 8:20 से 9:00 बजे | कीर्तन | भाई मनिंदर सिंह जी<br>हजूरी कीर्तनिए, श्री हरिमंदिर साहिब |
| 9:00 से 9:30 बजे | | पंथक विचारां |
| 9:30 से 10:30 बजे | कीर्तन | भाई हरजिंदर सिंह जी श्रीनगर |
| 10:30 से 11:30 बजे | कीर्तन | भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब |

उपरांत अरदास एवं समापन

विशेष आभार - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

## चिंतन

# शेख हसीना को फांसी की सजा पर उठे गंभीर सवाल

जिसका डर था वही हुआ, बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। वह पिछले साल उग्र आंदोलन के बाद ढाका छोड़कर भारत आई थीं और 15 महीनों से दिल्ली के एक सेफ हाउस में रह रही हैं। बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले के बाद भारत से शेख हसीना को सौंपने का आग्रह किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच मौजूदा प्रत्यर्पण संधि के अनुसार, यह भारत का अनिवार्य कर्तव्य है।' उसने यह भी कहा कि शेख हसीना को शरण देना अमित्रतापूर्ण और न्याय के प्रति अवमानना होगा। यह बात सही है कि भारत-बंग्लादेश के बीच 2013 में एक्स्ट्रडिशन ट्रीटी साइन हुई थी, जिसमें दोनों देशों के बीच अपराधियों के एक्सचेंज की शर्तें हैं, लेकिन बांग्लादेश का विदेश मंत्रालय शायद इस समझौते की शर्तों को भूल गया है। इसके ट्रीटी के आर्टिकल 8 के तहत अगर आरोपी की जान को खतरा हो, उसे निष्पक्ष ट्रायल नहीं मिला हो या ट्रिब्यूनल का उद्देश्य न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक हो तो भारत प्रत्यर्पण से मना कर सकता है। कौन नहीं जानता कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हरीना के खिलाफ किस तरह मुकदमा चलाया गया। किसी भी मुकदमे का पहला वाक्य यही होता है कि चाहे सौ गुनाहगार छूट जाएं, किसी एक बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। कौन नहीं जानता कि शेख हसीना पर चलाए गए केस में उनका पक्ष ही नहीं है। सबसे पहले तो यह देखा जाता है कि जिस पर आरोप लगाया गया है, उसने अपने बचाव में क्या कहा, लेकिन पूरे मुकदमे और सुनवाई में शेख हसीना पक्ष है ही नहीं। हसीना को अपना पक्ष रखने के लिए वकील तक नहीं मिला। जब से इस मामले की सुनवाई शुरू हुई है, अनेक रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं कि केस की सुनवाई करने वाले जज सरकारी दबाव में थे। इस पूरे केस की जांच पर अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन चिंता जता चुके हैं। खुद हसीना लगातार राजनीतिक बदले का आरोप लगा रही हैं। महज दो दिन पूर्व ही कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताते हुए उन्होंने कहा था कि मेरे खिलाफ चल रहा मुकदमा झूठा तमाशा है। यह पूरी तरह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। मैं ट्रायल में न तो अपनी सफाई पेश कर सकी और न ही अपने वकील नियुक्त कर सकी। भारत-बांग्लादेश समझौते के आर्टिकल 6 के मुताबिक अगर अपराध राजनीतिक माना जाए तो भारत प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है। वैसे भी यह आदेश बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत का नहीं है। शेख हसीना ट्रिब्यूनल के फैसले को बांग्लादेश की ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकती हैं। वे सबूतों की दोबारा जांच और अनफेयर ट्रायल का हवाला देकर रिव्यू करने की मांग कर सकती हैं। हसीना निष्पक्ष ट्रायल न होने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों या कानूनी संस्थाओं में शिकायत कर सकती हैं। इससे पहले ही बांग्लादेश का भारत को पत्र लिखकर हसीना को सौंपने का आग्रह करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भारत ने इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन साफ है कि कार्यवाही होगी जो न्यायसंगत हो।



बम विस्फोट
योगेंद्र माथुर

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा।

# भारत के अगले कदम का इंतजार

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को आतंकियों ने एक बार फिर कायराना कृत्य का परिचय देते हुए कार में आत्मघाती विस्फोट कर कई बेगुनाह लोगों की जान ले ली। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय बाद हुई इस आतंकी घटना से समूचा देश स्तब्ध भी है और खासा गुस्से में भी। लगभग समूचा देश यह बात तय मानकर कि इस घटना में पाकिस्तान और वहां बैठे दहशतगर्दों का ही हाथ है, सरकार के जवाबी कदम की प्रतीक्षा में है।

सोमवार की सुबह ही दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से खबर मिली थी कि वहां एक डॉक्टर को संदिग्ध आतंकी कनेक्शन में हिरासत में लिया गया है और उसके पास से करीब 3 हजार किलो विस्फोटक असला बरामद किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही व सम्बन्धों के आधार पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से बाद में और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक असला बरामद होना और आतंकियों का पकड़ा जाना सभी के लिए बड़ी खबर थी। लोग एक प्रकार से राहत की सांस ले रहे थे कि शाम को दिन ढलते-ढलते यह बुरी खबर देश को मिल गई कि दिल्ली के लाल किले के समीप एक कार में विस्फोट हो गया है और उस कार सहित वहां रखी अन्य कुछ कारों में खासे नुकसान के साथ आग लगने से बड़ी संख्या में वहां मौजूद लोग हताहत हुए हैं।

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था और पकड़े जाने पर तुरत-फुरत में विस्फोट की घटना को अंजाम दिया गया या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने कुछ साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी के व्यस्ततम व संवेदनशील क्षेत्र में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा हो और देश की राजधानी में आतंकी घटना कर समूची दुनिया का ध्यान अपनी मौजूदगी व सक्रियता के साथ कश्मीर मुद्दे की तरफ पुनः खींचना चाहते हों। ऐसा इसलिए लगता है कि विस्फोट की घटना से जुड़े लोगों के तार कश्मीर से भी जुड़ रहे हैं।

फिलहाल सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहकर इसे लेकर मंथन कर रही है और सुरक्षा एजेंसियां घटना के तार जोड़कर पूरे षड्यंत्र की जांच करने में तेजी से जुट गई हैं। सरकार ने घटना की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंप दिया है और घटना से जुड़े आतंकियों के सीमा पार पड़ोसी देश से जुड़े होने के सबूत खोजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आरंभिक जांच में घटना से जुड़े आतंकियों के तार पाकिस्तान सहित तुर्किये तक से जुड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। आने वाले दिनों में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी और जैसा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षामंत्री तक ने कहा है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। विगत अप्रैल में



कश्मीर में हुई बड़ी आतंकी घटना के बाद भी देश में खासा आक्रोश देखा गया था। निसंदेह सरकार भी गुस्से में थी। जिसका परिणाम यह हुआ था कि घटना के चंद दिनों बाद ही सरकार की हरी झंडी मिलने पर सेना ने पड़ोसी आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने और वहां सरकार व सेना के संरक्षण में पल-बढ़ रहे जेहादियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया था। उस समय हमारा लक्ष्य एक पूर्ण युद्ध नहीं बल्कि केवल वहां बैठे आतंक के आकाओं व उनके अड्डों को समाप्त करना था। हमने हमारे लक्ष्य को बड़ी तेजी से प्राप्त भी कर लिया था। हालांकि बाद में वहां की सेना द्वारा ड्रोन हमले के द्वारा प्रतिक्रिया देने का दुस्साहस करने पर हमारी सेना ने उनके हवाई ठिकानों को भी नष्ट कर उसे खासा नुकसान पहुंचाया था।

भारतीय सेना की जोरदार कार्रवाई से शीघ्र ही हौसला पस्त व घबराई वहां की सेना के डीजीएमओ द्वारा भारत के समक्ष घुटने टेकने और कार्रवाई रोकने की प्रार्थना पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित तो कर दिया, लेकिन साथ ही यह सख्त चेतावनी भी दे दी थी कि भविष्य में भारत में होने वाली किसी भी आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा और इससे भी कड़ा व मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के बाद हाल ही के कुछ महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा दुनिया के कुछ बड़े देशों की यात्रा कर भारत से भविष्य के लिए सुरक्षा को लेकर कवायद की गई। इन देशों के साथ आधुनिक हथियारों की खरीद के साथ-साथ सुरक्षा समझौते भी किए गए। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा इन देशों को कई प्रकार के अन्य लाभ व प्रलोभन भी दिए गए हैं। वहां की सरकार व सेना यह मानकर चलने लगी है कि भविष्य में भारत के साथ उसके किसी भी प्रकार के संघर्ष में ये देश उसकी सहायता व सहयोग करेंगे और वह भारत को मात देने में सक्षम होगा। वहां की सरकार में बैठे कुछ लोग व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को भूल कर या नजर अंदाज कर भारत को एक बार फिर परमाणु धमकी दी जाने लगी है। लेकिन पाकिस्तान संभवतः यह भूल गया है कि भारत अब पहले से कहीं अधिक शक्ति सम्पन्न देश है और किसी भी वैश्विक स्थिति या संकट से निपटने में सक्षम है। वह 47, 65, 71 व कारगिल में भारत की सेना की शक्ति देख चुका है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का शौर्य व साहस उसके सहित समूची दुनिया ने देखा है। फिर भी वह अपनी फ़ितरतों से बाज नहीं आ रहा है।

निःसंदेह भारत सरकार व सेना हर स्थिति और संकट का सामना करने में सक्षम है और पूरी तरह से सतर्क व तैयार भी है। भारत अपने हितों व संप्रभुता का संरक्षण करने में पूर्ण सक्षम है। भारत अब किसी दबाव में आने वाला भी नहीं है। ताजा घटनाक्रम के बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत दहशतगर्दों के संरक्षक व पालन-पोषण करने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो संभवतः पाकिस्तान टुकड़ों में बंट जाए और पाकिस्तान के तौर पर उसकी पहचान नक्शे से मिट जाए, इसमें भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। भारत के लिए कश्मीर का पाक अधिगृहीत हिस्सा लेने का यह महत्वपूर्ण अवसर है और भारत को अब देर नहीं करना चाहिए। हालांकि सब कुछ इतना सरल व आसान भी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में भारत की जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा पूरी दुनिया को है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाल अपराध प्रतिबंध पर संयुक्त राष्ट्र की पहल

बाल अपराधों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष-2022 को 18 नवंबर की तारीख को 'विश्व बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम' दिवस मुकर्रर किया था। दिवस का मकसद बच्चों के यौन शोषण व दुर्व्यवहार को रोकना और प्रभावित बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करवाने के प्रति जागरूक करना था। जिस हिसाब से अपराध बढ़ रहे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि ये कृत्य सीधे-सीधे बाल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। ये एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या में भी तब्दील हो चुका है। ये असहनीय कृत्य बच्चों के स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है। आज इस खास दिन पर बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत तमाम सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं बकायदा कैंप लगाकर पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों को कानूनी



मदद और अन्य सहायता के लिए जागरूक करती हैं। साथ ही नौनिहालों की रक्षा-सुरक्षा के संबंध में जागरुकता फैलाना और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए भी यह दिन अति-महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से ऐसे दिवस पीड़ितों को यौन शोषण के आघात से उबरने में काफ़ी मददगार साबित होते हैं। एनसीआरबी और 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क'(जिपनेट) की हालिया रिपोर्ट ने भी बच्चों से जुड़े अपराधों में बेहताशा वृद्धि बताई है।

एनसीआरबी रिपोर्ट ने ना सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली मचाई है,बल्कि जनमानस में भी भय का माहौल उत्पन्न किया है। ऐसे नौनिहाल जो या तो पार्कों में खेलने गए या ट्यूशन पढ़ने, बाद में वापस ही नहीं लौटे। बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा व दिल्ली में ऐसे राज्य हैं जहां ऐसे मामलों में खासी वृद्धि हुई। बाल अपराध कैसे रूकें, इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इन्हीं सभी बातों पर मंथन आज किया जाएगा। कई क्षेत्रों में बाल यौन शोषण को छुपाया और कलंकित किया जाता है, जबकि ऐसा कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस समस्या से निपटने और चुप्पी व प्रतिरोध की सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने के लिए, सामुदायिक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों का प्रसार आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र की मैनुअल रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 में लगभग 190 देशों के बच्चों के साथ जितनी यातनाएं बढ़ी, उतनी इसके पूर्व कभी नहीं रही? इसमें भारत भी शामिल है। दुनिया भर में बच्चों के अधिकारों के साथ खुलेआम उल्लंघन और दुर्व्यवहार होता है। इस तरह के उल्लंघन सभी देशों और सामाजिक स्तरों में व्याप्त हैं।

बच्चों, विशेषकर लड़कियों के साथ जबरन यौन संबंध, शारीरिक शोषण, दुर्व्यवहार व हिंसा के मामले बढ रहे हैं जिसमें ऑनलाइन और डिजीटल अपराध सबसे ज्यादा हैं। बच्चों की गरिमा और हिंसा से मुक्त जीवन जीने के उनके अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने करीब 90 देशों के साथ 2030 तक एक एजेंडा तय किया, जिसमें यह सुनिश्चित हुआ कि विभिन्न बाल अपराधों को रोकने में अपने कानूनों को धारदार बनाएंगे। बाल अपराध तभी रूक पाएंगे, जब हुकूमती शक्तियां कठोर होंगी। वैसे, कई मुल्कों में बाल अपराध पर फांसी की सजा निर्धारित हैं। दुबई में बाल अपराध न के बराबर हैं। लक्ष्यों और उद्देश्यों की श्रृंखला को कार्यान्वयन करने के लिए सभी पीड़ित देश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंडे के साथ जुड़े हैं। ये पहल बाल शोषण, दुर्व्यवहार, बाल तस्करी, यातनाएं और बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को समाप्त करने के साथ-साथ बाल विवाह और महिला जननांग विकृति जैसी हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने में मदद करेगी।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
## दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बिहार चुनाव में मुद्दे आए काम

हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में जो एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। इसके लिए कोई नीतीश कुमार के कामों को कारण बता रहा है, तो कोई वहां भी महागठबंधन में कमियों को दोषी मान रहा है। लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट मतदाता बिठा दे, इसका अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। आम चुनाव में मतदाता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखता है। जबकि स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव में मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सीटों पर जीत मिलना यह भी साबित कर रहा है कि मतदाता अब डबल इंजन की सरकार को ध्यान में रख रहा है।

*- विवेक पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बातचीत का अवसर

निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। पहली बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रही टीम से बातचीत करने का अवसर भी मिला।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### नाइंसाफी और जुल्म

सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं, वो खुद एक दिन कुदरत के फैसले की गिरफ़्त में आकर एक बेहद बुरे अंत की ओर जाते हैं। वो सब देख रहा है। किसी के साथ भी बेइंसाफी पर वो जरूर सुनता है।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**



### गर्व का अनुभव

मुझे यह बताते हुए गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि मेरी बेटी निहारिका ने ओलिवा, वेलेंसिया, स्पेन में मेडिटेरेनियन इक्वेस्ट्रियन टूर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस कामयाबी पर गर्व का अनुभव कर रहा हूं।

**- गौतम सिंघानिया, उद्योगपति**



### दर्शकों का शुक्रिया

मेरे नाटक कुछ भी हो सकता है के लिए प्यार, गर्मजोशी, प्रशंसा और अंतहीन तालियों के लिए दिल्ली के दर्शकों का शुक्रिया। आयोजकों और सभी स्वयंसेवकों ने एक शानदार और कठिन काम को इतनी सहजता और सहजता से अंजाम दिया।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**



## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर महिला सशक्तिकरण का जश्न

न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों की महिलाओं ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान साड़ी की खूबसूरती, विरासत, कलात्मकता और समुदाय के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का जश्न मनाया। इस दौरान रंग-बिरंगी और विभिन्न शैलियों की साड़ियां इस लोकप्रिय स्थल पर छा गईं। 'साड़ी गोज़ ग्लोबल' कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का आयोजन रविवार को न्यूयॉर्क स्थित परोपकारी संगठन 'उमा ग्लोबल' ने न्यूयॉर्क के भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया। उमा ग्लोबल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष के उत्सव में भारत, बांग्लादेश, ब्रिटेन, वेस्ट इंडीज, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, अमेरिका के कई शहरों और स्थानीय न्यूयॉर्क निवासियों ने हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में काउंसलर (चांसरी प्रमुख) प्रज्ञा सिंह ने साड़ी के गहन सांस्कृतिक इतिहास और विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "साड़ी दुनिया के सबसे पुराने लगातार पहने जाने वाले परिधानों में से एक है, जिसकी परंपरा हजारों साल पुरानी है। इसकी अनगिनत शैलियां, पहनने के तरीके और कपड़े भारत की असाधारण विविधता और कलात्मक विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं।'



## ऑफ बीट

# हिंसा कई बच्चों के जीवन का एक सामान्य हिस्सा



दुनियाभर के कई देशों में बच्चे हिंसा के बीच बड़े हो रहे हैं। यह हिंसा घर पर, उनके पड़ोस में या दोनों जगह हो सकती है। इससे कुछ बच्चों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचता है जबकि कुछ बच्चों को उनकी देखभाल करने वालों के बीच या अपने समुदायों में हिंसा के कारण अप्रत्यक्ष नुकसान होता है। किसी भी प्रकार से हिंसा के बीच बड़े होने का बच्चों पर गहरा असर पड़ सकता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि हिंसा और खराब मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बच्चे के स्कूल की आयु से पहले ही देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, बचपन में हिंसा के संपर्क में आने से इसका असर जीवन भर नजर आता है। हम बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान एवं मनोविज्ञान के शोधकर्ता हैं और यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हिंसा के शुरुआती अनुभव छोटे बच्चों के संज्ञानात्मक और भावनात्मक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। यहां हम 20 देशों में किए गए अध्ययनों की समीक्षा और दक्षिण अफ्रीका में बच्चों के एक बड़े समूह से प्राप्त नए आंकड़ों से प्राप्त निष्कर्षों पर चर्चा कर रहे हैं। हमने पाया कि जिन देशों का हमने अध्ययन किया, उन सभी में बच्चों के लिए हिंसा का सामना करना बेहद आम है और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव बचपन में ही दिखाई देने लगता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केरल में विशेष गहन पुनरीक्षण पर रार

# अधिकारी की आत्महत्या के बाद बीएलओ ने किया काम से बहिष्कार, जांच की मांग

राज्य कर्मचारी संघों ने मांग की है कि सभी कर्मचारियों को ठीक से प्रशिक्षित किया जाए और ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में काम करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति की जाए। इस विरोध में राजस्व विभाग के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील कर्मचारी, नगर निगम और पंचायत कर्मी भी शामिल होंगे।संघ

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरे राज्य में प्रभावित रही क्योंकि बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) ने कथित तौर पर काम के तनाव के कारण एक अधिकारी की आत्महत्या के बाद काम का बहिष्कार कर दिया।



अनीश जॉर्ज

जानकारी के मुताबिक, कन्नूर जिले के पय्यान्नूर में बीएलओ, 44 वर्षीय अनीश जॉर्ज रविवार को अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। मामले में परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े काम के दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इस बीच, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जॉर्ज का शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।

## माकपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

राज्य सरकार के कई संगठनों ने भी किया विरोध



घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण का काम करते बूथ स्तर के अधिकारी

## ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों के कई ट्रेड यूनियनों, जिनमें राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों की कार्य परिषद और शिक्षक सेवा संगठनों की संयुक्त समिति शामिल हैं, ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अधिकारी बीएलओ पर अत्यधिक दबाव न डालें और एसआईआर को स्थगित करने पर विचार करें। केरल एनजीओ एसोसिएशन ने भी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया।

## माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जांच होः सतीशन



वीडी सतीशन

विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि जॉर्ज की आत्महत्या में माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। जॉर्ज को तब धमकाया गया था जब कांग्रेस का एक बूथ-स्तरीय एजेंट उनके साथ गणना के लिए गया था।

## माकपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को धमकायाः जोसेफ



सनी जोसेफ

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने कहा कि गणना के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ जाने पर माकपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें धमकी दी थी।

**बहिष्कार करेंगे राजस्व कर्मचारी**

तमिलनाडु के राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने 18 नवंबर से शुरू होने वाले एसआईआर का बहिष्कार किया है। कर्मचारी संघों का कहना है कि उन पर बहुत अधिक काम का बोझ डाला जा रहा है, जबकि उपलब्ध जनशक्ति, प्रशिक्षण और संसाधन बेहद कम हैं।

असम में शुरू होगा एसआईआर

## 1 जनवरी तक जोड़े जाएंगे योग्य लोगों के नाम

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम में भी मतदाता सूची के एसआर का आदेश दिया। आयोग की ओर से असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी 2026 को वह तारीख मानी जाएगी, जिसके आधार पर यह विशेष पुनरीक्षण किया जाएगा। यानी उस दिन तक योग्य होने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। यह वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और मतदाता सूची के एसआईआर दोनों के बीच की प्रक्रिया जैसा है।

## खबर संक्षेप

### अंता उपचुनाव को लेकर विधायक सिंघवी नाराज

**बारां।** राजस्थान के बारां के अंता विधानसभा उपचुनाव के बाद छबड़ा से भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने पार्टी द्वारा की गई उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। उनकी यह नाराजगी वायरल हो रहे एक पत्र से सामने आई है जो उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा था। पत्र में सिंघवी ने अपना दर्द बयां किया है।



### ईडी के समक्ष फिर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी जयपुर-रींगस हाइवे प्रोजेक्ट से जुड़ी फेमा जांच में सोमवार को दूसरे समन के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। इससे पहले शुक्रवार को भी वे पूछताछ के लिए नहीं आए।



### सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह हफ्ते टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की कंपनी की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है, जिसमें अदाणी समूह को अपनी कुछ संपत्तियां बेचने की अनुमति मांगी गई है। अदालत ने मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नाफड़े की ओर से दाखिल नोट पर केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है।



### शिंदे की शिवसेना का पवार के साथ गठजोड़

**मुंबई।** नासिक जिले के येओला में राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने नगर पालिका परिषद चुनाव के लिए विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया। येओला राज्य के मंत्री एवं राकांपा नेता छगन भुजबल का गृह क्षेत्र है।



बिहार चुनाव में मिली करारी हार के बाद राजद का फैसला

# चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगी पार्टी तेजस्वी यादव विधायक दल के नेता चुने गए

तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद सोमवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की गई।

नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव के गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है। राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए। मामले में राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक के हर एक नेता से बातचीत की गई। रिपोर्ट कार्ड देखा गया। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। इधर, लालू परिवार जारी घमासान के बीच इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती भी शामिल हुईं।

**हार पर विधायकों से वन-टू-वन चर्चा**

महागठबंधन के नेताओं से भी करेंगे बात

## सभी राजद नेता रिपोर्ट कार्ड लेकर आए



पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर बैठक में लालू यादव और तेजस्वी यादव

बैठक में तेजस्वी यादव ने चुनाव में जीते और हारे हुए विधायकों को बुलाया है। सभी राजद नेता अपना अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं। राजद सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया।

### निर्वाचन आयोग पर लगाया आरोप

पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वोटिंग से पहले करोड़ों लोगों के खातों में दस-दस हजार रुपए भेजे गए तथा जनता से कहा गया कि सरकार बनवा दीजिए तो दो लाख रुपए और दिए जाएंगे। उन्होंने इसे लोकतंत्र का गला दबाने की संगठित कोशिश बताया। शाहीन ने यह भी दावा किया कि मतदान से

**हार की वजह खोजी जा रही**

इस बैठक का मकसद यह पता करना था कि आखिर चूक कहां रह गई? जिन सीटों पर बेहद ही कम अंतर से हार मिली है उन सीटों की भी समीक्षा की जा रही। साथ ही सीमांचल में राष्ट्रीय जनता दल की जड़ें कमजोर होने की वजह भी खोजी जा रही। बैठक में आए विधायकों और प्रत्याशियों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर कई आरोप लगाए।

## राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी



राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी।

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने पटना स्थित राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। सीईओ विनोद गुंजियाल और ईसीआई के अरविंद आनंद ने विधानसभा चुनाव-2025 की निर्वाचित सदस्यों की सूची और भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सौंप दी।

राजभवन में हथियार होने का आरोप

# राज्यपाल बोस ने सुरक्षा बलों के साथ तलाशी अभियान चलाया



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को राजभवन में तलाश अभियान चलाने वाली सुरक्षाकर्मियों की टीम का नेतृत्व किया। यह तलाश अभियान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी के इस आरोप के मद्देनजर चलाया गया कि राजभवन परिसर में हथियार और गोला-बारूद जमा करके रखा गया है। कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को पूरे राजभवन की तलाशी ली। बता दें, बोस उत्तर बंगाल के दौरे पर थे और वह इस तलाश अभियान का नेतृत्व करने के लिए अपनी यात्रा बीच में ही छोड़कर कोलकाता लौट आए हैं। तलाश अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए, सोमवार दोपहर राजभवन परिसर को खाली करा लिया गया।

### माफी मांगे सांसद

टीएमसी सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। राज्यपाल ने कहा कि जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? राज्यपाल ने चेतावनी दी है कि टीएमसी सांसद अपने बयान के लिए या तो माफी मांगें नहीं तो वे कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। राज्यपाल ने टीएमसी सांसद के आरोप पर कानून सलाह भी मांगी है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।

### एसआईआर को विफल करने में जुटी ममता

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि 'बीएलओ और बीडीओ के एक वर्ग की गहरी सांठगांठ' का उद्देश्य सत्तारूढ़ दल को 'फर्जी मतदाताओं और अवैध प्रवासियों' को बाहर निकालने के निर्वाचन आयोग के प्रयासों को विफल करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर 'घबराहट' पैदा कर दी है, जिसके कारण 'अपमानजनक टिप्पणियां व खुली धमकियां' दी जा रही हैं।

# मनरेगा लाभार्थियों के नाम हटाने पर कांग्रेस का प्रहार, जयराम रमेश ने कहा- "ग्रामीण गरीबों के अधिकार पर नया हमला"

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मनरेगा लाभार्थियों के बड़े पैमाने पर हटाए जाने को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि पिछले एक महीने 10 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच सरकार ने मनरेगा लाभार्थियों के डेटाबेस से 27 लाख नाम हटाए हैं। इनमें से 6 लाख सक्रिय मज़दूर थे, जो लगातार काम कर रहे थे। संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष की ओर से धारदार तरीक़े से उठाने की रणनीति पर काम हो रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष एआईसीसी महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने इसे "ग्रामीण गरीबों के विधिक अधिकार पर बड़ा हमला" बताते हुए कहा कि लाभार्थियों की यह बड़ी कटौती ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू करने के तुरंत बाद शुरू हुई है। उनके अनुसार, यह कोई अलग घटना नहीं बल्कि मनरेगा को कमजोर करने की संगठित कोशिश है, जिसकी शुरुआत आधार-आधारित डिजिटल प्रणालियों को अनिवार्य रूप से लागू करने से हुई है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का आरोप है कि केंद्र सरकार मनरेगा में पारदर्शिता के नाम पर ऐसी डिजिटल प्रक्रियाएँ लागू कर रही है, जो ग्रामीण गरीबों के लिए बाधा बन रही हैं। जयराम रमेश के अनुसार, एनएमएस ऐप, आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस), और ई-केवाईसी प्रक्रिया जैसी शर्तों ने पहले ही करीब 2 करोड़ मज़दूरों को रोजगार और मजदूरी पाने के अधिकार से वंचित कर दिया है !

उन्होंने कहा, "ये सब योजनाएँ इस ऐतिहासिक कानून को समाप्त करने के लिए थोपे जा रहे डिजिटल अवरोध हैं, जिनसे लाखों परिवार काम और मजदूरी से वंचित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा को सुचारू करने और ग्रामीण रोजगार सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार से कहा है कि मनरेगा के बजट में बड़ी वृद्धि और मजदूरी के समय पर भुगतान का सख्ती से पालन सुनिश्चित करते हुए मजदूरों की वास्तविक आय बढ़ाने के लिए मनरेगा की मजदूरी न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन की जाए। भविष्य में मजदूरी निर्धारण के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया जाए और एबीपीएस, एनएमएस और ई-केवाईसी जैसी बाधा उत्पन्न करने वाली तकनीकों को अनिवार्य करने पर तत्काल रोक लगाई जाए।

जयराम रमेश द्वारा पोस्ट किए गए आंकड़ों और आरोपों के बाद मनरेगा को लेकर राजनीतिक बहस फिर तेज हो गई है। विपक्ष का कहना है कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों का सुरक्षा कवच है, जबकि सरकार डिजिटल पारदर्शिता को बहाना बनाकर इसे कमजोर कर रही है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा, रोजगार की कानूनी गारंटी देने वाला देश का एकमात्र ऐसा कानून है जो देश के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीबों को सम्मान के साथ कानूनन रोजगार के साधन के साथ आर्थिक उपार्जन के साधन मुहैया कराता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना स्पीकर को भेजा अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस विधायकों के अयोग्यता मामले पर तेलंगाना के स्पीकर को अवमानना नोटिस जारी किया है। बीती 31 जुलाई को पीठ ने विधानसभा स्पीकर को निर्देश दिया था कि वे तीन महीने के भीतर बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लें। स्पीकर ने कोई फैसला नहीं लिया। हालांकि पीठ ने तेलंगाना स्पीकर को अभी अगले आदेश तक अदालत में पेश होने से छूट दे दी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C./84 BNS, 2023 देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कालेब मेज़ी ओगबुआघ पुत्र मेज़ी ओगबुआघ निवासी द्वितीय तल, प्रोपर्टी नं. 753, पंचवटी अपार्टमेंट, वार्ड नं. 6, महरौली, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 117/2022 दिनांक 30.06.2022 अन्तर्गत धारा 21/22/29 एनडीपीएस एक्ट थाना ए.एन.टी.एफ, क्राईम ब्रांच, ओल्ड कोतवाली, दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कालेब मेज़ी ओगबुआघ** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कालेब मेज़ी ओगबुआघ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 117/2022 दिनांक 30.06.2022 अन्तर्गत धारा 21/22/29 एनडीपीएस एक्ट थाना ए.एन.टी.एफ, क्राईम ब्रांच, ओल्ड कोतवाली, दरियागंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कालेब मेज़ी ओगबुआघ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**मनु वेदवान**
एल.डी, ए.एस.जे.–02, स्पेशल जज (एनडीपीएस), ईस्ट, कोर्ट नं. 311
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/15452/Crime/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **श्री परवीन कुमार** पार्टनर मेसर्स कपिला इंजीनियर्स: दुकान नंबर 10/108, शर्मा शॉपिंग आर्केड, ज्वाला हेरी, पश्चिम विहार, दिल्ली-110063 और बी-3/186, पश्चिम विहार, ज्वाला हेरी मार्केट के पास, नई दिल्ली-110063 और एम-272, ग्राउंड फ्लोर, गुरु हरकिशन नगर, पश्चिम विहार, दिल्ली-110063 ने **सीसी संख्या 15581/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री परवीन कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **श्री परवीन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **श्री परवीन कुमार, सीसी संख्या 15581/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **सुबह 10:00 बजे** दिनांक **16.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आरुषि परवाल एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 एनआई एक्ट
केंद्रीय अनुलग्नक-01, कमरा संख्या 02
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/15476/N/2025**

# चुनाव आयोग की ऐतिहासिक पहलः बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी, पहले लगा करते थे कई हफ्ते

हरिभूमि विशेष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग ने अपने सिस्टम में एक और बड़ा बदलाव करते हुए हफ्तों का काम घंटों में करने का ठोस कदम उठाया है। चुनाव के बाद इंडेक्स कार्ड्स को जारी करने हफ्तों लगते थे उसे सिर्फ 72 घंटे के भीतर जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब बिहार चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए इंडेक्स कार्ड्स इतनी तेजी से एकसाथ कुछ घंटे में ही उपलब्ध कराए गए हैं।

आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी में बताया कि इससे पहले, ये रिपोर्टें जारी होने में कई हफ्तों से लेकर महीनों तक लग जाते थे, क्योंकि संबंधित डेटा जिला स्तर पर मैनुअली भरकर भेजा जाता था। चुनाव आयोग की यह तेज़ी और पारदर्शिता बढ़ाने वाली पहल एसीनेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से संभव हुई है, जिसके चलते चुनावी डेटा को डिजिटल तरीके से संकलित करके तुरंत उपलब्ध कराया जा सका।अधिकारी ने बताया, चुनाव आयोग ने बिहार में सफलतापूर्वक चुनाव कराते हुए कुल 17 नई पहलें लागू कीं, जिनमें इंडेक्स कार्ड की त्वरित उपलब्धता सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके साथ ही बिहार ने कई रिकॉर्ड भी बनाए, जिसके तहत 1951 के बाद सबसे अधिक मतदान 67.13 फीसदी मतदान, 71.78 फ़ीसदी की दर से महिला वोटरों की सर्वाधिक भागीदारी, 38 ज़िलों में एसआईआर के बाद गलत प्रविष्टि, हटाने पर एक भी अपील नहीं और सबसे अलग और महत्वपूर्ण ये कि बिहार जैसे राज्य में शून्य री-पोल न तो किसी उम्मीदवार ने और न ही किसी मान्यता प्राप्त पार्टी ने किसी भी बूथ पर फिर से मतदान की कोई मांग नहीं की।

### इंडेक्स कार्ड क्या होते हैं और क्यों महत्वपूर्ण हैं?

इंडेक्स कार्ड एक गैर-वैधानिक और स्वतः पहल के तहत तैयार की जाने वाली रिपोर्ट है, जिसमें चुनाव से संबंधित विस्तृत और डेटा-आधारित जानकारी होती है। इसमें शामिल होते हैं। जिनमें कुल प्रत्याशी, मतदाता संख्या, मतदान का प्रतिशत, दलवार एवं प्रत्याशीवार मत, मतों की गिनती, जीत का अंतर, आदि आँकड़ा शामिल होता है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि ये रिपोर्टें शैक्षणिक और शोध उद्देश्यों के लिए हैं। मूल और अंतिम डेटा संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के वैधानिक प्रपत्रों में ही सुरक्षित रहता है। अब ये रिपोर्टें एप और चुनाव आयोग की वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध हैं।

### पारदर्शिता का मुकम्मल इंतज़ाम

इंडेक्स काड्र्स के अलावा चुनाव आयोग ने इस बार पारदर्शिता और तकनीकी सुधार पर विशेष ध्यान दिया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 5 मतदान केंद्रों (कुल 1,215 बूथ) पर कहीं भी ईवीएम और वीवीपैट गिनती में कोई अंतर नहीं मिला। वोटों की गिनती में 243 रिटर्निंग ऑफिसर और 243 काउंटिंग ऑब्ज़र्वर के साथ 2,616 प्रत्याशियों द्वारा नियुक्त 31,768 काउंटिंग एजेंट मौजूद रहे। प्रति बूथ मतदाता सीमा 1,200 तक रखी। हाई-राइज़ सोसाइटीज़ में अतिरिक्त बूथ बनाये गए ताकि वोटरों को लंबा इंतज़ार न करना पड़े। मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा की गई।1 00 फ़ीसदी वेबकास्टिंग के साथ वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप पर सीरियल पार्ट नंबर की प्रमुख जगह पर छपाई की गई। मतगणना में सुधार करते हुए फॉर्म 17सी और इवीएम डेटा में अंतर पर अनिवार्य वीवीपैट गिनती अनिवार्य किया गया। ये तय किया गया की अंतिम से पहले वाली राउंड तभी जब पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी हो।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

डॉ. आरसी सिंह ने कहा, ईसीआई द्वारा चुनाव प्रबंधन में तकनीक, पारदर्शिता और दक्षता के नए मानक स्थापित किए गए हैं। 72 घंटों में इंडेक्स कार्ड जारी करना इस बात का प्रमाण है कि भारत में चुनावी डेटा अब अधिक तेज़, पारदर्शी और आसानी से जनसुलभ बनाया जा रहा है। बिहार चुनाव यह साबित करता है कि मजबूत प्रणाली, तकनीक का इस्तेमाल और जनभागीदारी मिलकर चुनावों को न केवल निष्पक्ष बनाते हैं बल्कि उन्हें विश्व स्तर पर एक "मॉडल इलेक्शन" के रूप में स्थापित करते हैं।

**खबर संक्षेप**



## एनबीसीसी को दामोदर घाटी निगम से मिला बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी लिमिटेड को झारखंड में एक टाउनशिप बनाने के लिए दामोदर घाटी निगम से लगभग 500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। सोमवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कंपनी ने बताया कि उसे दामोदर घाटी निगम से 498.30 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन, चंद्रपुरा, झारखंड में एक एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के संबंध में है। हाल ही में, उच्च आय के कारण एनबीसीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सितंबर तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 156.68 करोड़ रुपये हो गया।



## बीएल गौड़ की पुस्तकों में वर्तमान व भविष्य के संदेशः रामबहादुर राय

**गुरुग्राम।** पद्मश्री एवं पद्मभूषण राम बहादुर राय ने एसजीटी यूनिवर्सिटी के प्रांगण में जाने माने लेखक और 'गौर संस' इंडिया के संस्थापक, रियल एस्टेट के सफल उद्यमी एवं सेवानिवृत्त रेलवे इंजीनियर डा. बीएल गौड़ की पुस्तक 'कैसे बने विश्वकर्मा(नींव से नाली तक)' एवं 'हाई राइज बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन' का विमोचन किया। रायबहादुर राय ने डॉ. बीएल गौड़ की पुस्तकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनमें वर्तमान व भावी, दोनों पीढ़ियों के लिए इन दोनों पुस्तकों में अनेक संदेश छिपे हैं। उन्होंने कहा कि लोकार्पित पुस्तकें आपके लिए उपलब्ध रहेंगी। उसके साथ साथ एक तीसरी किताब भी पढ़िए और वह गौड़ साहब की अपनी आत्मकथा है। 'बीता सो अनबीता' उसका शीर्षक है। उस किताब को मैंने पूरा पढ़ा। उस किताब को मैं बार बार देखता हूं, पढ़ता हूं क्योंकि उस किताब में बीएल गौड़ की जिंदगी है।

# एक-चौथाई भारतीय कंपनियों ने साइबर नुकसान की दी सूचना

**पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक सर्वे में करीब एक-चौथाई भारतीय उद्यमों ने पिछले तीन वर्षों में साइबर उल्लंघनों से 10 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) से अधिक के नुकसान की सूचना दी है। यह जोखिम विशेष रूप से उन कंपनियों में अधिक है जिनकी वार्षिक आय पांच अरब डॉलर या उससे अधिक है। पीडब्ल्यूसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, साइबर बजट बढ़ रहे हैं। हालांकि, यह गति धीमी है। भारत में 87 प्रतिशत संगठन अगले 12 महीनों में अपने साइबर सुरक्षा खर्च को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। 'पीडब्ल्यूसी 2026 ग्लोबल डिजिटल ट्रस्ट इनसाइट्स' सर्वेक्षण में पाया गया कि

### राजस्व उत्पन्न करने वाले उद्योगों में नुकसान सबसे अधिक

यह सर्वेक्षण 138 भारतीय व्यापार और प्रौद्योगिकी अधिकारियों के जवाबों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया, ''...25 प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों में उनके सबसे नुकसानदायक 'डेटा' उल्लंघन से उनके संगठन को कम से कम 10 लाख डॉलर का नुकसान हुआ है और यह नुकसान पांच अरब डॉलर या उससे अधिक राजस्व उत्पन्न करने वाले उद्यमों (45 प्रतिशत) में सबसे अधिक है।




### बजट 10 फीसदी से अधिक बढ़ाने की योजना

इसके अनुसार, ''इस वर्ष, भारतीय कंपनियों के 87 प्रतिशत प्रमुखों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उनके साइबर बजट में वृद्धि होगी और उनमें से लगभग एक-तिहाई ने खर्च को 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की योजना बनाई है। यह पिछले वर्ष के 93 प्रतिशत से थोड़ी कम है फिर भी निरंतर निवेश का एक मजबूत संकेत है।

कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश 46 प्रतिशत के साथ बजट प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। उसके बाद क्लाउड सुरक्षा 33 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

### एआई से जुड़ी चेतावनी से निपटने को प्राथमिकता दे रहें

उल्लेखनीय रूप से, इनमें से लगभग एक-तिहाई (38 प्रतिशत) ने कहा कि उनके बजट में 6-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।'' आधे से ज्यादा (60 प्रतिशत) सुरक्षा प्रमुख एआई से जुड़ी चेतावनी से निपटने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि लगभग 47 प्रतिशत 'एजेंटिक एआई' जैसे अन्य एआई-संचालित कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**रिपोर्ट केंद्र व राज्यों के बीच करों के हस्तांतरण का फार्मूला करेगी प्रदान**

# 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन पनगढ़िया ने राष्ट्रपति मुर्मू को सौंपी समिति की रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समिति की रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट केंद्र और राज्यों के बीच करों के हस्तांतरण का फॉर्मूला प्रदान करेगी। आयोग को पहले 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। हालांकि, उसे 30 नवंबर तक एक महीने का विस्तार दिया गया था।

**आयोग को 30 नवंबर तक एक माह का विस्तार दिया गया था**

राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और 2026-31 के लिए आयोग की रिपोर्ट सौंपी।'नियम एवं शर्तों के अनुसार, 16वें वित्त आयोग को 2026-27 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय करों में राज्यों के हिस्से और अनुदान सहायता का फॉर्मूला तय करने का अधिकार मिला हुआ है।

**आयोग को पहले 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी**



### आयोग में चार सदस्य है

आयोग ने अनुदान सहायता और करों में राज्यों के हिस्से पर अपने विचारों को पुष्ट करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया है। आयोग में चार सदस्य हैं... सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर अंशकालिक सदस्य हैं।

### 16वें वित्त आयोग की स्थापना 2023 में हुई थी

केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों का सुझाव देने के अलावा, आयोग ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत गठित निधियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण की वर्तमान व्यवस्था की भी समीक्षा की है। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है। 16वें वित्त आयोग की स्थापना 31 दिसंबर, 2023 को हुई थी।

### 15वें वित्त आयोग ने भी सिफारिश की थी

एन के सिंह के नेतृत्व में 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यों को 2021-22 से 2025-26 की पांच वर्ष की अवधि के दौरान केंद्र के विभाजन योग्य कर राशि का 41 प्रतिशत दिया जाए, जो वाईवी रेड्डी के नेतृत्व में 14वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के समान ही है।

### दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या उपयोग पर आपत्ति जताई

दक्षिणी राज्यों ने भी कर हस्तांतरण के मानदंड के रूप में जनसंख्या के उपयोग पर आपत्ति जताई है, उनका तर्क है कि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में उनकी सफलता के बावजूद यह उन्हें दंडित करता है। पंद्रहवें वित्त आयोग ने जनसंख्या को 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल को 15 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को 12.5 प्रतिशत, वन कवर और पारिस्थितिकी को 10 प्रतिशत और कर एवं राजकोषीय प्रयासों को 2.5 प्रतिशत महत्व दिया था।

**सरकारी सर्वेक्षण में दी गई जानकारी**

# बेरोजगारी दर अक्टूबर में 5.2 प्रतिशत पर स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों में अक्टूबर में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, बेरोजगारी दर (यूआर) सितंबर में 5.2 प्रतिशत, अगस्त में 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई, 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 और अक्टूबर, 2025 के बीच 5.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।'' बयान के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट आई है। यह सितंबर, 2025 के 4.6 प्रतिशत से अक्टूबर, 2025 में 4.4 प्रतिशत रह गई है।

शहरी बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 7.0 प्रतिशत हो गई है। बयान में कहा गया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 के 5.5 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर, 2025 में 5.4 प्रतिशत रह गई।

### पुरुषों में बेरोजगारी दर स्थिर रही

पुरुषों में बेरोजगारी की दर पिछले महीने की तुलना में अक्टूबर, 2025 में 5.1 प्रतिशत पर स्थिर रही। ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी सितंबर, 2025 में 4.7 प्रतिशत से अक्टूबर, 2025 में 4.6 प्रतिशत तक थोड़ी कम हुई, जबकि शहरी पुरुषों में बेरोजगारी में 6.0 प्रतिशत से 6.1 प्रतिशत तक मामूली वृद्धि हुई, जिससे कुल बेरोजगारी स्थिर रही। अक्टूबर, 2025 में समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 52.5 प्रतिशत था, जो जून, 2025 से लगातार बढ़ रहा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### नवी मुंबई पर 25 दिसंबर से वाणिज्यिक उड़ानें होगी शुरू

**मुंबई।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) 25 दिसंबर से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। प्रारंभिक चरण में दिन में 23 निर्धारित उड़ानें संचालित की जाएंगी। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पहले महीने में हवाई अड्डा सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक 12 घंटे तक संचालित होगा।

**शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी**

# सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार




एजेंसी ▸▸ मुंबई

थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, चौतरफा लिवाली और कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक चढ़कर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 425.31 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 103.40 अंक बढ़कर 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 114.15 अंक तक चढ़ गया था। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली ने तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी है और 26,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के आसपास बना हुआ है। इसका कारण निवेशकों को आगे तेजी की उम्मीद है।'' नायर ने कहा, ''एक संभावित व्यापार समझौता महत्वपूर्ण संकेतक बना हुआ है जिस पर निवेशक बारीकी से नजर रख रहे हैं। वर्तमान में, जोखिम-लाभ अनुपात काफी हद तक अनुकूल है। इसे मझोली (मिडकैप) कंपनियों के दूसरी तिमाही की उम्मीद से बेहतर नतीजों से बल मिला है...।''

### एशिया के बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे जबकि जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### ये शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## सोना 300 रुपये बढ़कर 1,29,700 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी टूटी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,29,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 300 रुपये बढ़कर 1,29,100 रुपये (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये घटकर 1,63,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 4,077.35 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 50.89 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''मज़बूत डॉलर के कारण हाजिर सोना फिलहाल स्थिर कारोबार कर रहा है। जबकि ताइवान पर चीन की टिप्पणियों को लेकर चीन-जापान तनाव गिरावट को कम कर रहा है।'' चांदी की कीमतों में 5.5 फीसदी की गिरावट आई ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''पिछले हफ़्ते बाज़ार में हुई भारी बिकवाली, जो अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के कारण हुई थी, जिससे दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गई थीं, के कारण सोने की कीमतों में 2.5 प्रतिशत और चांदी की कीमतों में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई।'' चैनानी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व दिसंबर में ब्याज दरों को अपरिवर्तित बनाए रखने के लिए 'शटडाउन' का हवाला दे रहा है।

## आयुष्मान मित्रों के वेतन में अन्याय, मानवाधिकार आयोग का दरवाज़ा खटखटाना ही एकमात्र उपाय : डॉ व्यास

**चंडीगढ़।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने हरियाणा राज्य में कार्यरत आयुष्मान मित्रों को न्यूनतम वेतन से कम मानदेय दिए जाने को गंभीर मानवाधिकार हनन बताया है। इस विषय में डीएमए इंडिया ने माननीय स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, आयुष्मान भारत–हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण तथा हरियाणा मानवाधिकार आयोग को औपचारिक शिकायत भेजी है। राष्ट्रीय महासचिव डॉ शुभ प्रताप एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ भानु के अनुसार, राज्य में वर्तमान में आयुष्मान मित्रों को मात्र 5,000/- प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जबकि चंडीगढ़ में अधिसूचित न्यूनतम वेतन 24,222/-



(वित्त वर्ष 2024–25) है।यह स्थिति न केवल न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 का उल्लंघन है, बल्कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों और राज्य सरकार के मानव संसाधन आदेशों के भी विपरीत है। डीएमए इंडिया के प्रतिनिधियों डॉ. अमित व्यास, डॉ. शुभ, और डॉ. भानु ने बताया कि राज्य सरकार एवं आयुष्मान कार्यालय के बीच समन्वय की कमी के कारण आयुष्मान मित्र आज भी मात्र 5,000 मासिक पर कार्य कर रहे हैं। बार-बार प्रयासों और निवेदन के बावजूद आयुष्मान मुख्यालय मौन है।

**PUBLIC NOTICE**

To whomsoever it may concern I, **Harsh Garg, S/o Sh. Suresh Kumar Garg, R/o 117, Sukhdev Vihar, New Delhi,** am the owner of **DDA SFS Flat No. 60-A, Ground Floor, Pocket-A, Sukhdev Vihar, New Delhi.** I have lost/misplaced the **original Allocation Letter, Mutation Letter and original SPA dated 31/01/1990** pertaining to the said flat. An FIR to this effect has been lodged at the concerned Police Station, vide **LR No. 3357517/2025 dated 17/11/2025.** Any person having any claim, right, or objection in respect of the said property may contact the undersigned at the above address or on Phone No. 8447258083 within 15 days from the date of publication of this notice. Such person may also inform the Dy. Director (SFS-H) or Asstt. Director (SFS-H), D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 6051



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6050 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |



## खबर संक्षेप




### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका के बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 45.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई। सदीरा समरविक्रमा ने 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान कुशल मेंडिस ने 34 और पवन रत्नायके ने 32 रन का योगदान दिया।

### टेस्ट क्रिकेट को किया जा रहा बर्बाद : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिच को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने कहा, 'उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण

## रणजी ट्रॉफी : स्मरण ने चंडीगढ़ के खिलाफ खेली 227 रन की नाबाद पारी

# 22 साल के स्मरण का धमाल, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाई तीसरी बार डबल सेंचुरी

### स्मरण को आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने किया रिटेन

एजेंसी ▶▶ हुबली

रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के 22 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज आर स्मरण ने दूसरा दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने हुबली में ग्रुप बी के मुकाबले में चंडीगढ़ के खिलाफ 227 रन की नाबाद पारी खेली। यह आर स्मरण का इस सीजन में दूसरा दोहरा शतक रहा। उनकी इस पारी से कर्नाटक ने आठ विकेट पर 547 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। स्मरण के अलावा करुण नायर ने 95, श्रेयस गोपाल ने 62 और शिखर शेट्टी ने 59 रन बनाए।

बल्लेबाज स्मरण जब बल्लेबाजी को उतरे तब कर्नाटक की टीम तीन विकेट पर 64 रन के स्कोर पर जूझ रही थी। उन्होंने नायर के साथ 119 रन की साझेदारी की। इससे कर्नाटक की टीम मुकाबले में वापसी हुई। नायर के आउट होने के बाद स्मरण ने एक छोर थाम लिया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 343 गेंद में 15 चौकों व एक छक्के की मदद से दोहरा शतक पूरा किया। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनकी कुल तीसरी डबल सेंचुरी रही।




### स्मरण 12 मैच में ठोक चुके हैं तीन दोहरे शतक

स्मरण ने पिछले सीजन कर्नाटक के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। अभी तक 12 मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं और कुल चार शतक व तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। चार शतकों में से तीन तो दोहरे शतक हैं। उन्होंने पहली डबल सेंचुरी पंजाब के खिलाफ जनवरी 2025 में लगाई थी। इसके बाद नवंबर 2025 में वर्तमान सीजन के तीसरे राउंड में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन की पारी खेली। अब चंडीगढ़ के खिलाफ पांचवें राउंड में भी दोहरा शतक बनाया। इसमें उन्होंने 16 चौके व दो छक्के लगाए।

### स्मरण को सनराइजर्स ने किया था रिटेन

स्मरण को पिछले आईपीएल सीजन के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने इंजरी रिप्लेसमेंट को तौर पर लिया था। हालांकि खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन उन्हें आईपीएल 2026 के लिए रिटेन किया गया है। फ्रेंचाइज के इस दांव को सही कहा जा रहा है क्योंकि स्मरण को काफी प्रतिभाशाली कहा जा रहा है। उनकी टी20 में स्ट्राइक रेट 170 की है। अभी तक इस फॉर्मेट में उन्होंने छह मैच खेले हैं और एक फिफ्टी से 170 रन बनाए हैं।

### गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने खड़ा किया पहाड़ जैसा स्कोर

रणजी ट्रॉफी के पांचवें चरण के मुकाबले में गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने पहली पारी में सात विकेट पर 585 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सौराष्ट्र को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ और समर गज्जर की शतकीय पारी के अलावा गोवा के ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर तथा दर्शन मिसाल का भी बड़ा योगदान रहा। सौराष्ट्र के खिलाफ गोवा के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे, जबकि दर्शन मिसाल बल्लेबाजों की रफ्तार पर लगाम लगाने में नाकाम रहे। अर्जुन तेंदुलकर ने जहां 29 ओवर में 145 रन लुटाए। वहीं दर्शन मिसाल ने 46 ओवर में 195 रन दिए। दर्शन मिसाल तो चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने में भी सफल रहे, जबकि अर्जुन तेंदुलकर सिर्फ एक विकेट ही चटका पाए। गोवा के लिए कौशिक और मोहित रेडकर ने भी एक-एक सफलता हासिल की। सौराष्ट्र के मध्यक्रम के बल्लेबाज प्रेरक ने शानदार पारी खेलते हुए 4 छक्के और 18 चौकों की मदद से 155 रन बनाए। समर गज्जर ने भी 14 चौके और एक छक्के की मदद से 168 गेंद में 116 रन की पारी खेली। हेतविक कोटक 50 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी 119 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। पार्थ भट 26 रन बनाकर आउट हुए। धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम का स्कोर जब 150 ओवर में 7 विकेट पर 585 रन था, तभी सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने पारी समाप्ति की घोषणा की।

## निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

# गोल्ड से चूके गुरप्रीत, जीता रजत तीसरे स्थान पर रहा भारत



एजेंसी ▶▶ काहिरा

ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरुनी हिस्सा) के आधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था। भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया।

### गुरुप्रीत ने प्रिसिजन और रेपिड चरणों में जुटाए थे कुल 584 अंक

गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए, जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रेपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रेपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रेपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता।

### लक्ष्य और प्रणय पेश करेंगे चुनौती सात्विक-चिराग पर रहेगी निगाह

**सिडनी।** भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी, जो 18 नवंबर से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। वहीं चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे।

**ली यांग से लक्ष्य का पहला मुकाबला :** लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। प्रणय की इस टूर्नामेंट में पिछले साल उपविजेता रहे थे लेकिन फिलहाल वह भी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



### भारत के निशानेबाजी में सात पदक



भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था। उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241.1 स्कोर करके पीला तमगा जीता। इससे पहले हनोवर में पिछले साल उन्होंने बधिर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। ईरान की माहला सामी को कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में 2022 बधिर ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल ने 235.2 स्कोर करके रजत पदक जीता।

### अनुया ने जन्मदिन पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, जीता गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता।








**बंगबंधु के नाम से भी जाना जाते शेख हसीना के पिता, उनका बड़ा योगदान**

# फिर याद आए: शेख मुजीबुर रहमान के जैसा ही है घटनाक्रम, जब बेटी की तरह पिता को भी मिली थी मौत की सजा, बाद में हुई हत्या

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप तय किए गए थे।

शेख हसीना वर्तमान में भारत में रह रही हैं। यह मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चलाया गया था। इससे पहले उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान को भी ऐसे ही आरोपों में मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, बाद में चुनाव जीतने के बाद पाकिस्तान की सरकार को उन्हें रिहा करना पड़ा था। लेकिन, बाद में एक तख्तापलट के दौरान शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के कई सदस्यों के साथ हत्या कर दी गई थी। शेख मुजीबुर रहमान को बंगबंधु के नाम से भी जाना जाता है। वह न सिर्फ बांग्लादेश के संस्थापक थे, बल्कि उन्होंने ही पाकिस्तान के कब्जे से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान को आजाद भी कराया था। 1970-71 के चुनावों में शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व वाली अवामी लीग ने प्रांतीय विधानसभा में 300 में से 288 सीटें जीतीं। उनकी पार्टी ने पश्चिमी पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 300 में से 167 सीटों पर भी जीत दर्ज की। इतनी भारी जीत के बावजूद, अवामी लीग को पाकिस्तान के तत्कालीन जनरल याह्या खान के नेतृत्व वाले पाकिस्तान के सैन्य प्रशासन ने सरकार बनाने की अनुमति नहीं दी।

## पाकिस्तानी सेना ने शेख के आवास पर बोला था धावा


शेख हसीना

उसी रात पाकिस्तानी सेना की एक टुकड़ी 32 धनमंडी स्थित शेख मुजीबुर रहमान के आवास पर पहुंची। सैनिकों ने पहुंचते ही गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे शेख की सुरक्षा में तैनात एक स्थानीय सुरक्षा कर्मी को भी एक गोली लगी और उसकी तुरंत मौत हो गई। इस दौरान सेना के अफसर ने लाउडस्पीकर पर चिल्लाकर कहा कि वह शेख मुजीबुर रहमान को पकड़ने आए हैं। उन्होंने शेख से नीचे आकर आत्मसमर्पण करने को कहा। पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी को देखते हुए शेख मुजीबुर रहमान नीचे आए और सैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया। शेख को बंदूकों के बट से धक्का देकर जीप पर बैठाया गया।

### रहमान को सुनाई गई मौत की सजा

शेख मुजीबुर रहमान मियांवाली जेल में करीब 9 महीने तक रहे। इस दौरान 6 दिसंबर को भारत-पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति की घोषणा की गई, लेकिन अपनी हार से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने शेख मुजीबुर रहमान के लिए कुछ और ही प्लान करके रखा था। पाकिस्तान की सैन्य ट्राइब्यूनल ने शेख मुजीबुर रहमान को मौत की सजा सुनाई।

### जुल्फिकार ने रख दी थी शर्त

पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो, शेख मुजीबुर रहमान से मिलने के लिए रावलपिंडी के गेस्ट हाउस पहुंच गए। उन्होंने शेख को ऑफर दिया कि अगर बांग्लादेश विदेश मामले, रक्षा और संचार को पाकिस्तान के साथ मिलकर चलाए को वह उन्हें तुरंत रिहा कर सकते हैं। हालांकि कई दौर की बातचीत के बाद ऑफर को मानने से इनकार कर दिया।

### पाकिस्तान ने शेख मुजीबुर रहमान को बाद में रिहा किया

पाकिस्तान ने 7 जनवरी 1972 को शेख मुजीबुर रहमान को रिहा कर दिया। उन्हें पाकिस्तान से विदा करने के लिए खुद जुल्फिकार अली भुट्टो चकलाला एयरपोर्ट पहुंचे। हालांकि, इस दौरान दोनों नेताओं में कोई बातचीत नहीं हुई। शेख पहले लंदन गए और वहां से दो दिन बाद नई दिल्ली लौटे। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उनकी भव्य अगवानी की गई। इस दौरान भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति वी वी गिरी, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, उनका पूरा मंत्रिमंडल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और दूसरे कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके बाद शेख मुजीबुर रहमान ढाका पहुंचे, जहां 10 लाख लोगों की भीड़ ने उनका स्वागत किया और अगले ही दिन उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

### रहमान को सैनिकों ने गोलियों से भूना

1975 आते-आते चीजें उनके हाथ से निकलना शुरू हो गईं। देश में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, लूटमार की घटनाएं बढ़ने लगी। 15 अगस्त, 1975 की सुबह बांग्लादेशी सेना के कुछ जूनियर अफसरों ने शेख मुजीबुर रहमान के 32 धनमंडी स्थित आवास पर हमला बोल दिया। इसके बाद उन सैनिकों ने जो भी सामने दिखा, उसे निशाना बनाना शुरू कर दिया। शेख ने बांग्लादेश सेना के शीर्ष अधिकारियों को फोन किया और हालात के बारे में बताया, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। इस दौरान हमलावर सैनिकों ने शेख मुजीबुर रहमान को गोलियों से छलनी कर दिया और उनकी मौत हो गई।

**दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा 15 हुआ**

# आतंकी उमर का साथी जसीर गिरफ्तार, ड्रोन बनाने में था माहिर, आमिर को 10 दिन की रिमांड पर भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से आतंकी उमर के एक और साथी जसीर बिलाल वाणी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया। आरोप है कि जसीर आतंकी उमर को टेक्निकल सपोर्ट देता था। विस्फोट के लिए ड्रोन मॉडिफाई करता था और रॉकेट बनाने की भी कोशिश की थी। एनआईए के मुताबिक जसीर आतंकी उमर का प्रमुख सहयोगी है। वह अनंतनाग के काजीकुंड का रहने वाला है। दिल्ली ब्लास्ट में इसकी सक्रिय भूमिका रही है। डॉ. उमर के साथ मिलकर ब्लास्ट की प्लानिंग में शामिल था।

वहीं दिल्ली से गिरफ्तार आमिर राशिद अली को लेकर खुलासा हुआ है कि ब्लास्ट से पहले उसने उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाने) उपलब्ध कराए, आईईडी बनाने में भी मदद की थी। ये दलील सोमवार को एनआईए ने स्पेशल कोर्ट में आमिर की कस्टडी पाने के लिए दीं। दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा सोमवार को 15 हो गया। सोमवार को दो लोगों की मौत हुई, जिनका इलाज जारी था। आज जिनकी मौत हुई उनमें लुकमान (50) और विनय पाठक (50) शामिल हैं। एनआईए ने सोमवार को दिल्ली ब्लास्ट के आरोपी आमिर राशिद अली को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने आमिर को 10 दिन की एनआईए की रिमांड पर भेज दिया है। आमिर वही व्यक्ति है जिसके नाम पर वह हुंडई आई 20 कार रजिस्टर्ड थी, जिसका इस्तेमाल 10 नवंबर को हुए धमाके में किया गया था। एनआईए ने उसे कल दिल्ली से गिरफ्तार किया था। एजेंसी के मुताबिक, आमिर ने कथित तौर पर आतंकी डॉ. उमर उल नबी को कार हासिल करने में मदद की थी। इसी कार में विस्फोटक लगाया गया था, जो लाल किले के पास फट गया था।

## अल-फलाह का चेयरमैन जावेद तलब, भाई भी गिरफ्तार



चेयरमैन जावेद

दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को तलब किया है। यह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट मामले में जांच के दायरे में आई है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने 15 नवंबर को अल-फलाह यूनिवर्सिटी के ओखला ऑफिस में जांच की और धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े से जुड़े दो एफआईआर दर्ज किए। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि यूनिवर्सिटी ने गलत तरीके से नैक (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल) की 'ग्रेड ए' मान्यता का दावा किया। यूनिवर्सिटी की फंडिंग से जुड़े दस्तावेज को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। लोगों की गतिविधियों को समझने के लिए जरूरी है।

### धमाके में शू बॉम्बर और टीएटीपी के इस्तेमाल का शक

*दिल्ली धमाके की जांच में एक अहम सुराग मिला है। कार से बरामद एक जूते में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी (ट्राईएसीटोन ट्राईपैरोक्साइड) के ट्रेस मिले हैं। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और हल्का विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। इसी वजह से शू बॉम्बर की आशंका जताई जा रही है। जांच टीम के अनुसार, उमर मोहम्मद का एक पैर स्टीयरिंग व्हील से चिपका मिला था, उसी से डीएनए भी मिला है। फिलहाल इसे शुरुआती सुराग माना जा रहा है। वहीं दिल्ली ब्लास्ट मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में जांच तेज कर दी है। फरीदाबाद पुलिस ने सोमवार को शहर में किराए पर रहने वाले कश्मीरी छात्रों और अन्य किरायेदारों से पूछताछ की। अब तक 2,000 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि ये कार्रवाई किसी भी संभावित लिंक को तलाशने और 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' की पड़ताल के लिए की जा रही है।*

# एयर इंडिया शुरू करेगी अगले साल फरवरी से दिल्ली- शंघाई के बीच सीधी उड़ान सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने अगले साल 2026 के फरवरी महीने से दिल्ली और शंघाई के बीच अपनी सीधी उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत करने की घोषणा की है। एयरलाइंस द्वारा करीब 6 साल बाद यह फैसला लिया गया है। पूर्व में 2020 के मध्य से एलएसी विवाद की वजह से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध गर्त में जा पहुंचे थे। इन सबके बीच एयर इंडिया के निर्णय के मुताबिक, एयरलाइंस सप्ताह में चार बार उड़ान भरेगी। जिसके लिए बोइंग-787-8 विमान का इस्तेमाल करेगी।

### ईरान के संबंध में परामर्श जारी

विदेश मंत्रालय ने 17 नवंबर को नौकरी के झूठे वादों के साथ ईरान की यात्रा करने वाले भारत के नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। जिसमें सभी से यह अपील की गई है कि वह इस संबंध में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। साथ ही एजेंटों द्वारा दिए जाने वाले वीजा फ्री यात्रा व किसी तीसरे देश से ईरान की यात्रा करने से बचें।

## रूस के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की मुलाकात

वहीं, अपनी विदेश यात्रा के तहत मास्को पहुंचे विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने समकक्ष और रूस के विदेश मंत्री से मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने कहा, दोनों देशों के संबंध वैश्विक स्तर पर स्थिरता लाने वाले एक कारक के समान हैं। हमारा विकास और वृद्धि केवल दोनों देशों के लिए लाभप्रद नहीं है। यह समूची दुनिया के लिए फायदेमंद हैं। हम भारत-रूस संबंधों से जुड़े एक अहम पक्ष यानी जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार साझा करेंगे। जिसमें यूक्रेन विवाद, मध्य पूर्व और अफगानिस्तान के साथ ही अन्य मामले शामिल हैं। भारत शांति स्थापित करने के हालिया प्रयासों का समर्थन करता है। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष इस दिशा में रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे। विवाद के जल्द समाधान के साथ स्थायी शांति वैश्विक समुदाय के हित में है। उन्होंने कहा, कि हमारी मुलाकात का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि हम भारत में होने वाले 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हैं। कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौते, कदम, परियोजनाएं चर्चा के स्तर पर हैं। आगामी दिनों में हम इस संबंध में निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। यह प्रक्रिया भारत और रूस की विशेष और विशिष्ट सामरिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

**6 प्रमुख ऑयल-गैस पीएसयू ने 315 अरब डॉलर कमाई की**

# जापान के निवेशकों और टेक्नोलॉजी लीडर्स के लिए भारत विश्वसनीय पार्टनर: मंत्री पुरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वे जापान की राजधानी टोक्यो में एनर्जी वैल्यू चेन में भारत-जापान सहयोग के अवसरों पर चर्चा के लिए जापान के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ एक राउंड टेबल का हिस्सा बने। सम्मेलन में भारत-प्रशांत की ऊर्जा स्थिरता और सतत विकास को भारत-जापान सहयोग से मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने इस सम्मेलन को लेकर जानकारी देते हुए बताया, हमने चर्चा की कि भारत-प्रशांत क्षेत्र की ऊर्जा स्थिरता और सस्टेनेबल ग्रोथ किस प्रकार भारत के व्यापक पैमाने विशेषकर पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और बढ़ाने से जुड़ी पहलों और जापान की कटिंग-एज टेक्नोलॉजिकल लीडरशिप के साथ नया आकार पा सकती हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर लिखा, भारत की 6 बड़ी ऑयल और गैस पब्लिक सेक्टर कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 315 अरब डॉलर का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो कि भारत की जीडीपी का 8 प्रतिशत है। यह पैमाना ग्लोबल एनर्जी एंकर और जापान के निवेशकों- टेक्नोलॉजी लीडर्स के लिए एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में भारत की भूमिका को उजागर करता है। 100 प्रतिशत एफडीआई, पारदर्शी बिडिंग और वर्षभर लाइसेंसिंग जैसे सुधारों ने निवेशक-अनुकूल ऊर्जा माहौल बनाया है।

उन्होंने बताया कि 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), ट्रांसपेरेंट बिडिंग, ईयर-राउंड एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग जैसे भारत के पॉलिसी रिफॉर्म्स ने एक पूर्वानुमानित और इंवेस्टर-फ्रेंडली एनर्जी एनवायरमेंट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**रूस से व्यापार करने पर सख्त हुआ यूएस**

# रूस से व्यापार करने वाले देशों पर लगेगा प्रतिबंध, कानून ला रहे ट्रंप


ट्रंप व पुतिन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।

> ■ कानून बना तो भारत की भी बढ़ेंगी मुश्किलें!

ट्रंप ने कहा कि 'रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है।

### भारत- रूस में बढ़ रहा द्विपक्षीय व्यापार

एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रंप उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

**70 फीसदी तक घटा नामांकन**

# भारतीय छात्रों के पलायन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों की बढ़ा दी मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट और अमेरिकी विवि के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 3,75,800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 1,12,000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109